



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 9 जून 2026




## भारत भाग्य विधाता की स्क्रीनिंग में पहुंची अभिनेत्री कंगना, सीएम साय के साथ देखी फिल्म

मुंबई हमले में नर्सों के साहस पर आधारित फिल्म भारत भाग्य विधाता की पहली स्क्रीनिंग रायपुर के जोरा स्थित मॉल में आयोजित किया गया। इसमें शामिल होने बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत सोमवार को रायपुर पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधायक समेत मंत्रियों ने भी एक साथ भारत भाग्य विधाता फिल्म देखी। स्क्रीनिंग से पहले विभिन्न हादसों में साहस का परिचय दिखाते हुए दूसरों की जान बचाने वाले लोगों का भी सम्मान किया गया। बता दें कि निर्देशक और लेखक मनोज तापड़िया का छग से पुराना जुड़ाव है, उनकी इच्छा पर बॉलीवुड फिल्म की पहली बार रायपुर में स्क्रीनिंग रखी गई।

*स्क्रीनिंग में रायपुर के नर्सों ने भी देखी मुंबई हमले के बहादुर नर्सों की कहानी*



## माह भर से ज्यादा चला तिहार, बालोद में आए सबसे ज्यादा आवेदन, शिकायतों में शीर्ष पर दुर्ग

# सुशासन तिहार का आखिरी पड़ाव, कल दिल्ली जाएंगे सीएम, इसलिए उनके अभियान का एक दिन पहले समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 1 मई से शुरू हुआ सुशासन तिहार समापन की ओर है। अभियान 10 तारीख तक चलना है, लेकिन उस दिन श्री साय दिल्ली जा रहे हैं, इसलिए उनके गांवों में अचानक उतरने के अभियान का 9 को ही समापन हो जाएगा। ▸▸|शेष पेज 6 पर

### सबसे कम आवेदन वाले जिले

नारायणपुर में सबसे कम 2,657 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद बीजापुर (3,797), बस्तर (3,884), कोरिया (5,398) और दंतेवाड़ा (5,860) का स्थान है।ग्रामीण क्षेत्रों से आया अधिक रिस्पांसआंकड़े बताते हैं कि सुशासन तिहार मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का अभियान बनकर उभरा है। कुल आवेदनों में लगभग 85 प्रतिशत हिस्सेदारी ग्रामीण क्षेत्रों की रही। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण नागरिकों ने अपनी मांगों और समस्याओं को शासन तक पहुंचाने के लिए इस मंच का व्यापक उपयोग किया।



### बालोद में 43,221 आवेदन

जिला-वार आंकड़ों के अनुसार बालोद में सबसे अधिक 43,221 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 42,108 मांगें और 1,113 शिकायतें शामिल हैं। इसके बाद बलौदा बाजार-भाटापारा में 37,139, महासमुंद में 36,232, कोरबा में 33,850 और रायपुर में 32,051 आवेदन दर्ज किए गए हैं।मांगों के मामलों में भी बालोद अव्वलमांगों की संख्या के आधार पर भी बालोद राज्य में पहले स्थान पर है। यहां 42,108 मांगें दर्ज हुई हैं। इसके बाद बलौदा बाजार-भाटापारा में 35,874, महासमुंद में 35,136, कोरबा में 32,716 और रायपुर में 29,350 मांगें प्राप्त हुई हैं।

### शिकायतों में दुर्ग सबसे ऊपर

शिकायतों के मामलों में दुर्ग जिला सबसे ऊपर है। यहां कुल 2,716 शिकायतें दर्ज की गई हैं। दूसरे स्थान पर रायपुर है, जहां 2,701 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके बाद बेमेतरा (1,510), बलौदा बाजार-भाटापारा (1,265) और जांजगीर-चांपा (1,258) का स्थान है।दुर्ग की विशेषता यह है कि यहां शहरी क्षेत्रों से शिकायतों की संख्या काफी अधिक रही। जिले में 2,435 शहरी शिकायतें दर्ज हुईं, जो राज्य के किसी भी जिले में सबसे ज्यादा हैं।

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में ईडी के छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 142 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सोमवार को मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापे मारे। जिन परिसरों पर छापे मारे गए वे भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा और भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित हैं।
ईडी का धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज मामला स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की शिकायत पर आधारित है। यह मामला 21 अगस्त, 2025 को त्रिपुरा में 49.10 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन और 40 ग्राम हेरोइन की जब्ती से संबंधित है।

### गीजरों में छिपाकर रखा था 5.38 करोड़ का गांजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कुआलालंपुर से आने वाले यात्रियों द्वारा लाए गए दो गीजरों के अंदर छिपाकर रखे गए लगभग 5.38 करोड़ रुपए मूल्य के 15.38 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजे को जब्त किया गया। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सात जून को ग्रीन चैनल पार करने के बाद दोनों यात्रियों को रोका गया।

### ट्रक से टकराई बस, सात भारतीय मजदूरों की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में सोमवार को बीच सड़क पर अचानक ट्रक के खड़े होने से पीछे आ रही मिनीबस उससे टकरा गई। इस हादसे में करीब सात भारतीय मजदूरों की मौत हो गई। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दुबई में हुई दुखद सड़क दुर्घटना से हम बेहद दुखी हैं, जिसमें कई भारतीय कामगारों की जान चली गई। भारतीय मिशन ने कहा कि वह हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। दुबई पुलिस के यातायात विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर जुमा सलेम बिन सुवैदान ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रक अचानक सड़क के बीच में रुक गया था। उन्होंने एक बयान में कहा, बस चालक ने कथित तौर पर ध्यान नहीं दिया और सुरक्षित दूरी नहीं रखी और ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।

### एआईसीसी सचिव सूरज हेगड़े का निधन

**बेंगलुरु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और कर्नाटक सरकार की गारंटी समिति के उपाध्यक्ष सूरज हेगड़े का कल रात बेंगलुरु में निधन हो गया। हेगड़े करीब 55 वर्ष के थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी हेगड़े पूर्व मुख्यमंत्री देवराज उर्स के पोते थे।

## टीएमसी में अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आई

# ममता को बड़ा झटका, टीएमसी के 20 सांसदों की स्पीकर को चिट्ठी, एनडीए का किया समर्थन

**पश्चिम बंगाल विस चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पर मंडरा रहा राजनीतिक संकट अब और गहरा होता दिखाई दे रहा है। पहले पार्टी के भीतर विधायकों की बगावत और अब संसद में सांसदों के असंतोष ने ममता बनर्जी के नेतृत्व के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। करीब 20 सांसदों ने केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए को समर्थन करने का फैसला किया है। इस खबर के बाद बंगाल से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में हलचल मच गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि पार्टी के करीब 20 सांसदों ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का समर्थन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 20 सांसदों के हस्ताक्षर वाला एक पत्र लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है, जिसमें एनडीए के साथ गठबंधन करने की इच्छा जताई गई है। इसी के साथ पार्टी की संसदीय इकाई में फूट सार्वजनिक ▸▸|शेष पेज 6 पर



### अलग जगह देने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

टीएमसी के बागी सांसदों ने लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था के लिए भी लोकसभा के स्पीकर को पत्र लिखा है। शुभेंदु अधिकारी से मिलने वाले सांसदों में काकोली दस्तीदार, पार्थ भौमिक, जगदीश बसुनिया, देव, शताब्दी रॉय, रचना बनर्जी, कालिपदा सोरेन, अरूप चक्रवर्ती, असित मल, शत्रुघ्न सिन्हा, प्रसुन बनर्जी, प्रतिमा मोंडल और बापा हलीदार शामिल हैं।

### एनडीए को समर्थन करते हुए अलग गुट

बागी सांसदों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बगावत करने वाले लोकसभा सदस्यों ने तत्काल तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा देने या भाजपा में शामिल होने का विकल्प नहीं चुना है। इसके बजाय, वे राजग का समर्थन करते हुए एक अलग संसदीय गुट के रूप में कार्य करेंगे। यह रणनीति दलबदल विरोधी कानून के तहत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। यह गणित राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

**प्रत्येक मृतक के लिए पांच-पांच वर्ष कैद**

## नशे में कार चलाकर चार की जान ली, 20 साल का सश्रम कारावास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पेंड्रा

द्वितीय अपर सत्र न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने शराब के नशे में लापरवाही से कार चलाकर चार लोगों की जान लेने वाले आरोपी स्नेहिल गुप्ता को भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत दोषी पाते हुए एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी को प्रत्येक मृतक के लिए पृथक-पृथक 5-5 वर्ष यानी कुल 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### आरोपी जानता था, हो सकती गंभीर दुर्घटना

न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह पाया कि आरोपी स्नेहिल गुप्ता भली-भांति जानता था कि शराब के नशे में तेज गाड़ी चलाने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इसके बावजूद उसने घोर लापरवाही और उपेक्षापूर्वक वाहन चलाया, जिससे चार मासूम लोगों की जान चली गई। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में आरोपी को न्यूनतम दंड दिया जाना कानूनन और सामाजिक दृष्टिकोण से कतई उचित नहीं है।

# फिलीपीन में डोली धरती, 32 की मौत, उठीं सुनामी की लहरें

एजेंसी ▸▸| मनीला

दक्षिणी फिलीपीन में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिसमें कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। जभूकंप के कारण समुद्र में सुनामी की तीन फुट ऊंची लहरें भी उठीं। जनरल सैंटोस शहर में कुछ इमारतें ढह गईं और प्रमुख बुनियादी ढांचे को भूकंप से नुकसान पहुंचा। वहीं, समुद्र तट से सटे गांव में नुकसान पहुंचा।

**7.8** तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**4.5** फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं



### पीएम मोदी बोले- एकजुटता से खड़ा है भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलीपीन में आए भूकंप से हुई जानमाल की हानि और तबाही पर सोमवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत मुश्किल के इस समय में फिलीपीन के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### सीएम माझी के हेलीकॉप्टर की पुरी में आपात लैंडिंग


**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हेलीकॉप्टर को सोमवार शाम खराब मौसम के कारण पुरी में आपात स्थिति में उतारा गया। माझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ मयूरभंज जिले के बारीपाड़ा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भुवनेश्वर लौट रहे थे कि तभी मौसम अचानक बिगड़ गया। मुख्यमंत्री और हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। वे कुछ देर बाद भुवनेश्वर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट ने पुरी के समांग स्थित अस्थायी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतार दिया।

## उज्ज्वला में अब मिलेंगे सब्सिडी वाले 4 सिलेंडर

**नई दिल्ली।** सरकार ने 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की वार्षिक सीमा नौ से घटाकर चार कर दी है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यह बदलाव औसत घरेलू खपत को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वर्ष 2016 में शुरू हुई इस योजना के तहत पहले लाभार्थियों को साल में 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडर सब्सिडी पर मिलते थे। हालांकि, पिछले साल सब्सिडी वाले सिलेंडर की संख्या घटाकर नौ कर गई थी, जिसे अब और भी घटाकर चार कर दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रवीण मल खनूजा ने कहा कि संशोधित सीमा उज्ज्वला लाभार्थियों की औसत वार्षिक गैस खपत के करीब है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लाभार्थियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए समर्थन देना है। सरकार ने मई, 2022 में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए प्रति सिलेंडर 200 रुपए की लक्षित सब्सिडी शुरू की थी।

■ 10 .5 करोड़ लोगों को झटका

**ओमान के दुक्म बंदरगाह की ओर जाते समय की घटना**



## ऑयल टैंकर में आग, जहाज से 24 भारतीयों का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक लगने के बाद उस पर सवार सभी 24 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग के अनुसार, यह घटना तब हुई जब टैंकर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास के पानी में चल रहा था। इस इलाके में हाल के महीनों में कई जहाजों पर हमले हुए हैं। माना जा रहा है कि यह हमला अमेरिकी नौसेना ने किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रारंभिक खबर के मुताबिक, ओमान के दुक्म बंदरगाह की ओर जाते समय कथित हमले की चपेट में आने के बाद टैंकर ने संकट संदेश जारी किया। भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया ▸▸|शेष पेज 6 पर

### सभी नाविक सुरक्षित

उपलब्ध सूचना के अनुसार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, विदेश स्थित भारतीय मिशन, भारतीय नौसेना और रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार पोत मस्कट के दक्षिण में लंगर डाले हुए था।

**हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था**

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर दो सौ से अधिक लोग कर रहे नौकरी, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अनुसूचित जनजाति वर्ग के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे दर्जनों फर्जी लोगों सरकारी नौकरी हथिया ली है। इस तरह से 250 से अधिक फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिए गए हैं। स्कूल रिकॉर्ड जिसे कि दाखिल खारिज कहा जाता है में सफेदा लगाकर ढीमर को बैगा अंकित किया जा रहा है और नए एडमिशन ▸▸|शेष पेज 6 पर


स्कूली रिकार्ड में सफेदा लगाकर बन गए बैगा, निवास इमलीपारा लिख दिया

### ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास कराने का खेल

उपलब्ध दस्तावेजों पर नजर डालें तो पता चलता है कि बिलासपुर में जितना भी जाति प्रमाण पत्र बना है उसमें से अधिकांश अस्थायी तौर पर बना था। इसमें भी फर्जी सील और साइन किया गया है। ऐसे लोगों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों व विकासखण्डों में सरकारी नौकरी की जा रही है। इन फर्जी बैगाओं द्वारा अधिकारियों के साथ मील-जुल कर अपने ग्राम के ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत प्रस्ताव करा कर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया है। इन सभी का ▸▸| शेष पेज 6 पर

### दाखिल-खारिज और निर्वाचन कागजातों में हेरफेर

ध्यान रहे कि इन फर्जी लोगों के राजस्व अभिलेख, स्कूल रिकॉर्ड, दाखिल-खारिज और निर्वाचन कागजातों में ढीमर ओबीसी जाति है। कई मामलों में पिता की जाति ढीमर है, जबकि बेटे का प्रमाण पत्र बैगा के नाम पर जारी हुआ है। कुछ शिकायतों में पत्नी एसटी और पति ओबीसी दर्ज होने जैसी विसंगतियां भी हैं। खास बात कि जितना भी जाति प्रमाण पत्र बना है वह सब 2015 के पहले का है और निवास ▸▸| शेष पेज 6 पर







जिनके जीवन का हर पल, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है,
जिनके लिए जनकल्याण ही जीवन साधना है, ऐसे **सेवा-व्रती नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में
भारत की निरंतर प्रगति का साक्षी पूरा देश कह रहा है...

# 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

## » गरीब कल्याण

- **81+ करोड़** लोगों को प्रतिमाह **मुफ्त राशन**
- **4+ करोड़ पीएम आवास, 10.5+ करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन** और **12+ करोड़ शौचालय** से जीवन हुआ आसान

## » युवा शक्ति

- लगभग **2 करोड़** युवाओं को **स्किल ट्रेनिंग**
- **₹40 लाख करोड़** के **मुद्रा लोन**
- देशभर में **2.2 लाख स्टार्टअप्स**
- **10,000+ अटल टिंकरिंग लैब्स** से नवाचार को बढ़ावा

## » किसान कल्याण

- **₹4.3 लाख करोड़** की पीएम किसान सम्मान निधि
- **4+ करोड़** किसानों को **₹2 लाख करोड़** का **फसल बीमा**
- **₹26+ लाख करोड़** की फसल खरीद **MSP** पर
- **8 करोड़** किसानों को **किसान क्रेडिट कार्ड**

## » नारी शक्ति

- **32+ करोड़** महिलाओं के **जन-धन खाते** खुले
- सेना में महिलाओं को मिला **स्थायी कमीशन**
- **3+ करोड़ लखपति दीदी**
- **10 करोड़** ग्रामीण महिलाएं **91+ लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप** के माध्यम से सशक्त

## » स्वास्थ्य

- **70+** के बुजुर्गों को भी **₹5 लाख** का **मुफ्त उपचार**
- **60+ करोड़** लोगों को **आयुष्मान भारत** की सुरक्षा
- देशभर में **19,000+ जन-औषधि केंद्रों** पर **90%** तक सस्ती दवाएं

## » मिडिल क्लास

- **₹12.75 लाख** तक की वार्षिक आय **टैक्स फ्री**
- **UDAN** योजना के तहत **1.6+ करोड़** यात्रियों ने की किफ़ायती हवाई यात्रा
- **एमबीबीएस** सीटों की संख्या 151% बढ़कर करीब **1.3 लाख** हुई

## » राष्ट्र निर्माण

- **26** शहरों में फैला **1,100+ किमी** का **मेट्रो नेटवर्क**
- देशभर में दौड़ रहीं **164 वंदे भारत ट्रेनें**
- अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज, पंबन समुद्री पुल जैसे **बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण**
- **एयरपोर्ट्स** की संख्या 74 से बढ़कर **164** हुई

## » राष्ट्र प्रथम

- करीब **₹38,400 करोड़** का रिकॉर्ड **डिफेंस एक्सपोर्ट**
- **नक्सलमुक्त भारत** का सपना साकार, आतंकवाद पर हो रहा **कड़ा प्रहार**
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति - **राजपथ बना कर्तव्य पथ, छत्रपति शिवाजी महाराज की मुद्रा** से प्रेरित **नौसेना का नया ध्वज**

## » विरासत और विकास

- अयोध्या में **भव्य राम मंदिर** का निर्माण
- काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक और केदारनाथ धाम का **कायाकल्प**



छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### ज्यादातर प्राइमरी स्कूल खस्ताहाल

दुर्ग जिले में सर्वाधिक प्राइमरी स्कूल कंडम हाल में है। 63 प्राइमरी स्कूल, 3 मिडल, 11 हाई और 3 हायर सेकंडरी स्कूल कंडम हो गए हैं। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को एक ही परिसर के दूसरे स्कूलों में बिठाकर पढ़ाई करवानी पड़ती है। स्वयं के भवन नहीं होने की वजह से बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### इन उदाहरणों से समझिए जर्जर स्कूलों की स्थिति

**केस 1**

**दो साल से दूसरी जगह करते हैं बच्चे पढ़ाई:** शासकीय नवीन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला नेवईभाठा का पूरा स्कूल भवन जर्जर हाल में है। पूरा कमरा जर्जर है इसलिए विद्यार्थियों को बिठा नहीं पाते। दो साल से यहां के 200 से ज्यादा विद्यार्थियों को एक सामाजिक भवन में बिठाकर पढ़ाई करवाना पड़ रहा है।

**केस 2**

**दूसरे स्कूल के भवन में पढ़ाई:** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी में 400 से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ते हैं।इस स्कूल के बरामदे का पूरा स्ट्रक्चर गिर गया है। दो करोड़ रुपए भी संधारण के लिए दिए गए लेकिन जर्जर कमरों की स्थिति नहीं सुधर पाई। दरअसल यह स्कूल भवन 100 साल से भी ज्यादा पुराना है जिसे डिस्मेंटल करने की जरूरत है।

**केस 3**

शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी में कमरों की हालत अच्छी नहीं है। यहां विद्यार्थियों को बारिश में बिठा नहीं पाते। यही हाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोटियाकला दुर्ग की है। इस स्कूल विद्यार्थी दूसरे स्कूल के भवन में पढ़ाई करने मजबूर हैं।प्राथमिक शाला झुग्गी पारा दुर्ग में भी कमरों को डिस्मेंटल करना है।



भिलाई
किस्त 3
स्कूल चलें हम...

**जर्जर स्कूलों में कैसे गढ़ेंगे बच्चे भविष्य, ग्रीष्मकालीन अवकाश में न छतों की मरम्मत हुई ना ही कमरों को सुधारा**

# दुर्ग जिले में 159 स्कूलों के कमरे जर्जर, इनमें से 80 को ध्वस्त करना है, पर न हथौड़ा चला और न मरम्मत हुई

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

हरिभूमि लगातार

नया शैक्षणिक सत्र 16 जून को शुरू हो रहा है, यानी स्कूल खुलने को महज 9 दिन शेष है। पूरे ग्रीष्मकालीन अवकाश में एक भी जर्जर स्कूलों की न छतें सुधरीं और न ही कमरों की हालत। बच्चों को पहले की तरह जर्जर कमरों में ही पढ़ाई करने की मजबूरी होगी। दुर्ग जिले में 2200 स्कूल हैं। जिनमें से 159 स्कूलों के जर्जर कमरों की मरम्मत होनी थी। इनमें से 80 स्कूल भवन ▶▶|शेष पेज 6 पर

### दुर्ग ब्लॉक में सबसे ज्यादा 36 स्कूल कंडम

दुर्ग ब्लॉक में सबसे ज्यादा 36 स्कूल के भवन कंडम हाल में है। पाटन ब्लॉक में 24 और धमधा ब्लॉक में 20 स्कूल भवन कंडम हैं। इन स्कूलों को डिस्मेंटल करने की जरूरत इसलिए है कि बच्चे व स्टॉफ इसी भवन के करीब से आवाजाही करते हैं। डिस्मेंटल करने के लिए जिला शिक्षा ▶▶|शेष पेज 6 पर



### संस्था प्रमुखों को निर्देश

जर्जर कमरों का संधारण के लिए संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं। स्कूल खुलने के पहले आवश्यक सुधार कर लें। कंडम स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा गया है।

-अरविंद कुमार मिश्रा
डीईओ, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### 3.57 करोड़ के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बैंकॉक से यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री को 3.57 करोड़ रुपए मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। यात्री को पांच जून को सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर रोक लिया था। यात्री ने चेक-इन बैगेज में 10.20 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा छिपाकर रखा हुआ था।




### एलओसी के समीप मोर्टार के तीन गोले निष्क्रिय किए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों से मोर्टार के तीन गोले बरामद किए गए। आज सुबह झांघर वन क्षेत्र में दो मोर्टार गोलों का पता चला जबकि नौशेरा सेक्टर के मकरी गांव में एक सुनसान स्थान पर एक मोर्टार गोला मिला। सेना के बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार के तीनों गोले सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिए।

### नहर में 'एसयूवी' गाड़ी गिरने से चार की मौत

**अरवल।** बिहार के अरवल जिले में एक 'एसयूवी' गाड़ी के नहर में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना जिले के अरवल नगर थानाक्षेत्र में गांधी मैदान के समीप रविवार देर रात हुई। मृतकों की पहचान राहुल कुमार, मनोज कुमार, त्रिशंक राज और अमन राज के रूप में हुई है। अधिकारी के अनुसार इन सभी की आयु 20 से 35 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। यह घटना रात करीब 12 बजे एवं 12:30 बजे के बीच हुई।




### होटल में आग मामले में लेखाकार का समर्पण

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के होटल में आग लगाने की घटना में 22 लोगों की मौत के मामले में आरोपी जय मिश्रा ने सोमवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। मिश्रा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह के समक्ष आत्मसमर्पण किया और दिल्ली पुलिस ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि होटल मालिक लवकेश बजाज के करीबी सहयोगी और लेखाकार मिश्रा के खिलाफ 2024 में भी एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### उत्तर बंगाल में चार दिनों में दस्तक देगा मानसून

**कोलकाता।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले तीन से चार दिनों में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और जलपाईगुड़ी जैसे उप-हिमालयी जिलों में पहुंचने की संभावना है। आईएमडी ने सोमवार को कहा कि राज्य के उत्तरी जिलों में पहले से ही मानसून पूर्व वर्षा हो रही है। आने वाले दिनों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।



**22 दलों के 27 नेता जुटे, पांच मुद्दों पर बनी सहमति, कुछ में टकराव भी**

# इंडिया गठबंधन ने प्रधान का इस्तीफा मांगा 'वोट लूट' पर सीजेआई को लिखेगा पत्र

*राजधानी दिल्ली के कॉनस्टिट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के खिलाफ एक एकीकृत रणनीति तैयार करने और मौजूदा राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी सहित 22 राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। विपक्षी गठबंधन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से इस्तीफा मांगा, वहीं, 'वोट लूट' लूट मामले को लेकर सीजेआई को पत्र लिखने समेत पांच मुद्दों पर एकजुटता दिखाई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने सोमवार को एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को 'लाखों युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात करने' के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और कहा कि वह 'वोट लूट' को लेकर जल्द ही प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखेगा। गठबंधन ने यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में करीब ढाई घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार सरकार से गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की बुलाने की मांग भी की। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने यह सहमति भी जताई कि वे हर दो महीने पर बैठक करेंगे और उनकी अगली बैठक आगामी अगस्त महीने में हैदराबाद में होगी। इस बैठक में चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी और सीबीएसई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) ▶▶|शेष पेज 6 पर




### वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े ठाकरे और सोरेन

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सरफराज अहमद, जॉन ब्रिटास समेत 27 नेता मौजूद रहे।

### द्रमुक और आप ने बनाई दूरी

'आप' पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गठबंधन से दूरी बना चुकी है जबकि द्रमुक ने तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा उससे संबंध तोड़कर टीवीके-नीत सरकार में शामिल होने के बाद बैठक का बहिष्कार करने का फैसला करने की घोषणा की थी।

### एकजुटता का किया आह्वान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दलों से आह्वान किया कि वे मोदी सरकार द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों से निपटने के लिए उस एकजुटता की भावना को और मजबूत करें, जो महिला आरक्षण एवं परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ दिखी थी।



### सोनिया ने ममता को लगाया गले

सोनिया गांधी और ममता बनर्जी ने बैठक के शुरू होने पर मिलते ही एक दूसरे को गले लगाया और एक दूसरे का हाल चाल जाना। वहीं, इस बैठक में सभी नेताओं ने अपनी-अपनी बातें रखीं।

### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- 'वोट लूट', एसआईआर, मतदाता सूची में हेरफेर तथा चुनावों की निष्पक्षता पर उठे गंभीर प्रश्नों के संबंध में भारत के प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा।
- नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में शामिल लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ। शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा
- वर्तमान गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार को तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।
- अगली बैठक हैदराबाद में 8 अगस्त को होगी। हर दो महीने में विपक्षी गठबंधन दल की बैठक होगी
- संसद के मानसून सत्र के दौरान संसदीय समन्वय जारी रहेगा और प्रतिदिन प्रात :काल माननीय नेता प्रतिपक्ष ( मल्लिकार्जुन खरगे) के कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को हाथी ने कुचला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनहत

कोरिया जिले के सोनहत ब्लाक से लगे सुदूर वनांचल क्षेत्र कोटाडोल के ग्राम देवशील में रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को हाथी ने कुचलकर मार डाला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़-कोटाडोल सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इसके तहत देवशील ग्राम के पास पुलिया एवं सड़क निर्माण का कार्य जारी है। निर्माण कार्य में लगे मजदूर रात के समय जंगल किनारे झिल्ली बनाकर अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। बताया जा रहा है कि बीती रात जंगल में विचरण कर रहे एक हाथी ने अचानक मजदूरों पर हमला कर दिया। घटना में गौरव गोंड पिता पूरन सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी नगर तथा अमर सिंह गोंड पिता जायकरन गोंड उम्र ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ग्रामीणों में दहशत

घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों और मजदूरों में दहशत व्याप्त है। वनांचल क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और हाथियों की लगातार निगरानी की मांग की है। लगातार बढ़ रही हाथियों की आवाजाही और मानव बस्तियों के करीब पहुंचने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

**इतिहास में ऐसा पहली बार**

# वायुसेना के मी-17 हेलिकॉप्टरों से भेजे जाएंगे नीट-यूजी के प्रश्नपत्र

- आगामी 48 से 72 घंटे में चुनिंदा लोकेशन की तरफ शुरू हो सकता है हेलिकॉप्टरों के उड़ान भरने का सिलसिला
- गोपनीय जगह पर लॉकडाउन में रहेगी पेपर बनाने से लेकर मॉडरेटर और अनुवादकों की पूरी टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पेपरलीक के बाद 21 जून को फिर से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता एवं सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के लिए प्रश्न पत्र के पैकेट वायुसेना के मी-17 हेलिकॉप्टरों और अन्य विमानों की मदद से देशभर में भेजे जाएंगे। यह पहला ऐसा मौका होगा जब ऐतिहासिक रूप से भारत में किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए वायुसेना के विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। अगले करीब दो से तीन दिन के अंदर संबंधित अभियान को लेकर हेलिकॉप्टरों की उड़ान का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसमें यह चुनी हुई 18 लोकेशन से प्रश्नपत्र की ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मल्टी लेयर्ड सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी निगरानी

पेपर तैयार करने वाली टीम को लॉकडाउन के हालात में रखना इस परीक्षा से जुड़ी हुई संपूर्ण प्रक्रिया चरण दर चरण फुल प्रूफ बनाए रखने को लेकर तैयार किए गए मल्टी लेयर्ड सुरक्षा घेरे का महज एक छोटा सा हिस्सा है।

### लॉकडाउन में रहेगी पेपर तैयार करने वाली टीम

सूत्रों ने कहा कि पेपर लीक के अलावा किसी भी अन्य प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए इस बार परीक्षा के लिए नीट का प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समूची टीम (पेपर बनाने वाले, मॉडरेटर और अनुवादक शामिल) को एक गोपनीय स्थान पर रखा जाएगा।

### स्टैंडबाय पर अलर्ट रहेंगी सेनाएं

सूत्रों ने बताया कि नीट परीक्षा के प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए मी-17 हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करने के पीछे का उद्देश्य खासतौर पर उन जगहों तक समय पर प्रश्नपत्रों को पहुंचाना है। जहां इस कार्य में खासा तेजी की दरकार है। इसके अलावा प्रश्न पत्रों को भेजने में होने वाली देरी से बचने और पेपर लीक के बाद मामले में सख्त निगरानी के साथ पारदर्शिता को बनाए रखना है। जिससे राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा की निष्पक्षता को बरकरार रखा जा सके। रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के अलावा सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों को हर दम मुस्तैदी के साथ अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है।

**विशाखापत्तनम में बड़ा हादसा**

# इस्पात संयंत्र में गिरा पिघला लोहा, आठ श्रमिकों की मौत

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के नाम से जाने जाने वाले राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के परिसर में सोमवार को पिघला हुए लोहा गिरने से कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में छह श्रमिकों के झुलसने की भी खबर है। उन्होंने बताया कि कुछ श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उनकी हालत बेहद नाजुक है। एक अधिकारी ने कहा, आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य झुलस गए।



### पीएम ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयंत्र में हुए हादसे पर दुख जताया। मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

**टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि**

# टीम इंडिया की टेस्ट में विराट जीत, सुथार ने लिए 7 विकेट



**मुल्लांपुर।** टीम इंडिया ने एकमात्र टेस्ट मैच में अफ़गानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत थी। डेब्यू करने वाले मानव सुथार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों पारियों में कुल 7 विकेट लिए।

### अफ़गानिस्तान दोनों पारियों में नाकाम

अफ़गानिस्तान की टीम अपनी पहली पारी में 152 रनों पर ऑल आउट हो गई। रहमत शाह ने 60 रनों की पारी खेली, लेकिन कोई खास प्रभाव नहीं डाल सके। भारत के लिए मानव सुथार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 7 विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 और वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

**कार, पिकअप और छह मोबाइल जब्त**

# धमतरी में पकड़ा गया 2.45 करोड़ का 500 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

चार साल बाद अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी करते 2.60 करोड़ रुपए का करीब 5 क्विंटल गांजा पकड़ा गया है। इसमें एक नाबालिग सहित पांच आ रो पि यों को हिरासत में लिया गया है। मुख्य तस्करों के साथ पायलटिंग कर रहे स्विफ्ट कार एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। एसपी ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पांच आरोपी पकड़ाए

गिरफ्तार आरोपियों में नौशाद खान मूलनिवासी ग्राम बरनावा जिला बागपत उत्तरप्रदेश, करण पिता मनोज साहू 22 वर्ष ग्राम बोरिया टिकरापारा रायपुर, मो. सादिक पिता मो. युनुस खान 30 वर्ष गोकुल नगर थाना टिकरापारा, हिमांशु पिता भोजराम साहू 20 वर्ष पचपेड़ी नाका थाना टिकरापारा के अलावा नाबालिग भी पकड़ा गया है।

**सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, कॉन्स्टेबल नियुक्ति पर बोर्ड को निर्देश**

# आपसी सहमति से शादी से पहले बने शारीरिक संबंध को खराब चरित्र का सबूत नहीं माना जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड को ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त करने का निर्देश दिया, जिसे पुलिस कॉन्स्टेबल के तौर पर चुने जाने के बाद भी इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि वह एक असफल प्रेम संबंध से जुड़े आपराधिक मामले में शामिल था। कोर्ट ने कहा कि दो अविवाहित बालिगों के बीच आपसी सहमति से शादी से पहले बने संबंधों को अकेले खराब नैतिक चरित्र का सबूत नहीं माना जा सकता।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने गजुल थिरुपति की अपील को मंजूरी दी और तेलंगाना हाईकोर्ट के सिंगल जज का ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कोर्ट ने गजुल थिरुपति की अपील को मंजूरी दी




### समझौता का मतलब अपराध कबूल करना नहीं

इसके अलावा, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि शादी के वादे पर रेप के मामले में लोक अदालत के सामने समझौता करने का मतलब अपराध कबूल करना नहीं है। साथ ही, अगर रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि पीड़िता पर समझौता करने के लिए दबाव डाला गया था, तो नियोक्ता (**employer**) ऐसे समझौते से कोई गलत नतीजा नहीं निकाल सकता।

### नैतिक पतन के आधार पर रद्द कर दी थी नियुक्ति

शीर्ष अदालत ने मामले में पीड़ित उम्मीदवार द्वारा दायर अपील को स्वीकार कर लिया और तेलंगाना हाई कोर्ट के एकल न्यायाधीश के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें 'स्टाइपेंडरी कैडेट ट्रेनी पुलिस कांस्टेबल' के पद पर उसकी नियुक्ति पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया गया था।

### क्या है मामला

यह मामला पड़ोसी के साथ संबंध से जुड़ा है और दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद 2015 में लोक अदालत में इसका निपटारा हो गया था। आईपीसी की धारा 376 के तहत कोई आरोप नहीं लगाया गया था। मामले का जिक्र करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अपीलकर्ता और पीड़िता पड़ोसी थे और लगभग चार साल तक उनके बीच संबंध थे। पीठ ने कहा, हर रिश्ता शादी में तब्दील नहीं होता। इसलिए, सिर्फ इसलिए कि रिश्ता शादी में तब्दील नहीं हुआ, यह मानने का कोई आधार नहीं है कि एक पक्ष ने दूसरे को धोखा दिया है।

## चिंतन

# ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा संकट

जिस तृणमूल कांग्रेस को अब तक भाजपा के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज समझा जाता था और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे राजग को अकेले ही जवाब देती हुई नजर आती थी। अब विधानसभा चुनाव में हार के बाद लगता है कि वह महज दिखावा ही था। असल में तृणमूल के 'तृण' और 'मूल' बिखर चुके थे। सिर्फ एक विधानसभा चुनाव की हार ने पार्टी की इस हालत को खोलकर रख दिया है कि उसमें भीतरी तौर पर कितना असंदतोष है। सबसे बड़ी बात यह है कि जमीनी स्तर से उच्चस्तर तक यह असंतोष दिखाई दे रहा है। यह ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा सियासी संकट हैं। टीएमसी के 50 से ज्यादा विधायक, 20 लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद पार्टी नेतृत्व से नाराज होकर बगावती तेवर अपना चुके हैं। इनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। ममता बनर्जी ने 15 साल से जिस ठसक से पश्चिम बंगाल को चलाया है। वह ठसक अब धरी की धरी ही रह गई है। वहीं, बगावती तेवर अपनाने वाले पार्टी नेताओं में ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गुस्सा है। इसके कारण ही पार्टी की यह दशा होने जा रही है। ममता के सामने अब अपने संगठन को एकजुट करने की सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि ममता संघर्ष और जुझारूपन से उभरी हुई नेता हैं। इसलिए उन्हें कमजोर तो नहीं माना जा सकता, लेकिन उम्र का भी एक तकाजा होता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक एक अजेय शक्ति के रूप में दिखाई देने वाली ममता आज अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर का सामना करती नजर आ रही हैं। राजनीति में जीत कई कमजोरियों पर पर्दा डाल देती है, लेकिन हार उन सभी दरारों को सामने ले आती है जिन्हें नेतृत्व लंबे समय तक नजरअंदाज करता रहा हो। तृणमूल कांग्रेस के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है। यदि बड़ी संख्या में विधायक और सांसद पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट होकर बगावती तेवर अपना रहे हैं, तो यह केवल चुनावी हार का परिणाम नहीं है। यह उस असंतोष का विस्फोट है जो वर्षों से संगठन के भीतर जमा होता रहा होगा। किसी भी राजनीतिक दल के लिए सबसे बड़ा खतरा विपक्ष नहीं, बल्कि उसका आंतरिक विघटन होता है। आज टीएमसी उसी चुनौती के सामने खड़ी है। चुनावी हार के बाद वही दबा हुआ असंतोष अब खुलकर सामने आ रहा है। यदि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर असंतोष है, तो यह केवल व्यक्तियों का विवाद नहीं बल्कि संगठनात्मक संतुलन का प्रश्न है। ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह पार्टी को एकजुट रखते हुए नेतृत्व पर उठ रहे सवालों का समाधान करें। ममता ने जिस तरह से टीएमसी को खड़ा किया था वह अपने आप में एक सफलता की कहानी रही है। हालांकि बंगाल में वामपंथियों की कोई पार्टी नहीं बची। यही हाल अब तृणमूल का भी होने जा रहा है। एक विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी का इस तरह से बिखर जाना ममता के लिए एक बड़ा सबक है। यह भाजपा को भी इससे सबक लेना होगा। उसे अब टीएमसी की कमियों को दूर कर सरकार चलानी होगी और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। प्रदेश में लोगों को भीतर से जोड़ना होगा। बंगाल का इतिहास रहा है कि जो पार्टी एक बार हार गई वह दोबारा सत्ता में नहीं आई। चाहे उसमें वाम दल हों, कांग्रेस हो या अब तृणमूल कांग्रेस।



टीएमसी में टूट
अखिलेश आर्येन्दु

पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी की हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी को ऐसे खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं कि जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार टूटती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी या नहीं? नेताओं का अंदरूनी असंतोष पार्टी को लगातार तोड़ने का काम कर रहा है।

# 'मूल' की दिक्कत या अस्तित्व का सवाल

कहते हैं वर्तमान को देख कर भविष्य के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। यह कहावत तृणमूल कांग्रेस पर सटीक साबित हो रही है। पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी के हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब पश्चिम बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी के लिए खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार बिखरती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी कि नहीं? गौरतलब है पार्टी के 58 विधायकों ने विधानसभा स्पीकर को प्रस्ताव सौंपकर ऋतव्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता और अलग विधायक दल के रूप में मान्यता देने की मांग की है। यही नहीं, तकरीबन 20 लोकसभा और राज्य सभा के कुछ सांसद भी बागी गुट के साथ साफ तौर पर आने की बात कह चुके हैं। एक राज्यसभा सांसद ने तो इस्तीफा भी दे दिया है। पश्चिम बंगाल में कभी राजनीति के चर्चित चेहरा रहे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के सहयोगी सुखेंद्र शेखर राय का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस बख्तरबंद की ओर बढ़ रही है। उनका मानना है कि तृणमूल के हारने की वजह कई है, लेकिन सवाल महज हारने का नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों से ही भटक गई है। वे मानते हैं कि तृणमूल में वामपंथ की शून्यता, कम्युनिष्ट पार्टी का व्यापक बोल बाला और वैश्वीकरण के अपने मूल लक्ष्य से ही पार्टी अलग हो चुकी है। जिन वजहों से पार्टी की हार हुई है पार्टी उन्हें स्वीकारने के लिए ही तैयार नही है। ऐसे में पार्टी का अस्तित्व बच पाए, तो बहुत बड़ी बात है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल की राजनीति में कोई क्षेत्रीय दल दशकों तक टिक नहीं पाया। कम्युनिष्ट पार्टी ही सबसे ज्यादा समय तक सत्ता पर काबिज रही, लेकिन 15 साल पहले जब इसकी करारी हार हुई और तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई, वामपंथ फिर बंगाल में लौट नहीं सका। जाहिर है तृणमूल की करारी हार महज सत्ता विरोधी लहर का नतीजा नहीं है, बल्कि वहां की जनता का गुस्सा है जो 15 सालों से पककर फूटा। यह हार महज किसी क्षेत्रीय पार्टी की हार नहीं है, बल्कि कुशासन, तानाशाही, गुंडागर्दी, संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने, सत्ता का अहंकार और हिंदुओं का चुन-चुन कर उत्पीड़न का परिणाम है। सत्ता पाकर कोई व्यक्ति या दल किस तरह खुद को सबसे बड़ा और तानाशाह समझने लगता है, यह तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य और जनता के साथ बर्ताव में देखा जा सकता है। पिछले 15 वर्षों में ममता की नेतृत्व वाली सरकार ने हर क्षेत्र में अपनी मनमानी दिखाई। लोकतंत्र और संविधान का राग अलापने वाली ममता ने पार्टी और शासन को जैसा चाहा, वैसा चलाया, जब कि जैसा एक निष्पक्ष और सर्वहितकारी शासन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं होने दिया। आतंक, गुंडागर्दी, माफिया गुटों को संरक्षण और सांप्रदायिकता का जहर फैलाना पश्चिम बंगाल शासन में आम बात थी। वहां कि जनता ही ममता और अभिषेक से त्रस्त नहीं थी, बल्कि तृणमूल के नेता, विधायक और जमीनी कैडर भी परेशान थे।



टीएमसी की हार के बाद सत्ता जैसे ही हाथ से फिसली वैसे ही पार्टी का आंतरिक और बाहरी कलह खुलकर सामने आ गई। जिसे ममता या उनके भतीजे के संभालते नहीं संभल रहा है। ममता ने पार्टी के बिखराव को रोकने और आत्ममंथन के नाम पर पश्चिम बंगाल की सभी संगठनात्मक समितियों और फ्रंटल संगठनों को भंग कर दिया है, लेकिन उससे बगावत करने वालों पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। न बगावती मनाने से मान रहे हैं और न तो समझाने का उन पर कोई असर दिख रहा है। बगावतियों का कहना है कि पार्टी तानाशाही और एकाधिकारी वादी ढर्रे पर चल रही है, जहां उनका कोई सम्मान नहीं है। दरअसल, क्षेत्रीय दलों में सत्ता का बागडोर एक-दो व्यक्तियों के हाथ में होती है। जिससे धीरे-धीरे पार्टी के योग्य व्यक्तियों में असंतोष पैदा होता है, लेकिन परिवारी पार्टी होने की वजह से इस असंतोष को पार्टी के साथ गद्दारी कहकर दबा दिया जाता है। इसका उदाहरण सपा, बसपा, शिवसेना और तृणमूल में हम देख सकते हैं। तृणमूल में जिस शुभेन्दु अधिकारी की आवाज और उनकी योग्यता को दर किनार करके ममता ने अपने भतीजे अभिषेक को आगे कर पार्टी की बागडोर सौंप दी, उस बगावती शुभेन्दु अधिकारी ने उनके ही चुनाव क्षेत्र से हराया ही नहीं, बल्कि सत्ता से बेदखल कर मुख्यमंत्री भी बन बैठे। देखने की बात यह है कि इसके बाद भी ममता को अभी भतीजा मोह परेशान किए जा रहा है। वे अपनी ही पार्टी के समर्पित कार्य-कर्ताओं की उपेक्षा ही नहीं कर रही हैं, बल्कि भतीजे के कहने पर ही सभी तरह का निर्णय ले रही हैं। क्षेत्रीय दलों का यह सबसे बड़ा दोष है-सत्ता के अलावा उनकी सोच का दायरा कभी आगे बढ़ता ही नहीं है। सपा और बसपा इसके बड़े उदाहरण हैं। दोनों कहने के लिए एक खास विचारधारा के साथ पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन न लोहिया कहीं नजर आते हैं और न ही आंबेडकर। न संविधान के पहुरुआ वाला रूप नजर आता है और न तो लोकतंत्र की रक्षा वाला ढंग ही कहीं नजर आता है, बल्कि वक्त-दर-वक्त उस कांग्रेस के साथ गलबहियां करते रहते हैं, जिस कांग्रेस के विरोध के फलस्वरूप ये पार्टियां अस्तित्व में आईं थीं। यही हाल ममता का है। जिस विचारधारा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा और जनहित सर्वोपरि का नारा दे ममता सत्ता में आईं थीं वे नारे और विचारधारा सत्ता में आते ही फुर्र हो गए थे। जाहिर तौर पर पं.बंगाल में भ्रष्टाचार, शोषण, अन्याय, हिंसा, सांप्रदायिकता को बढ़ाने के बहुसूत्रीय कार्य को बढ़ावा देने का कार्य ममता सरकार ने किया, जिसका परिणाम ममता और अभिषेक बनर्जी की हार के रूप में सामने आया। कहते हैं व्यक्ति हो, परिवार हो या कोई संस्था-दल हो, जब वह चिंतन से विमुख हो हित-अहित, न्याय-अन्याय, धर्म-अधर्म और नैतिकता-अनैतिकता में अंतर करना भूल जाता है, तब उसके पतन के दिन प्रारंभ हो जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस आई और वामपंथियों के पतन का सबसे बड़ा कारण यही रहा। जब अपना दोष दूसरों पर या अपनी कमी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ा जाने लगे, तब उस व्यक्ति, समाज या दल के पतन को कोई नहीं रोक सकता है। तृणमूल के पतन या अस्तित्व खत्म होने की भविष्यवाणी करने वालों का चिंतन और अनुभव कहता है कि पार्टी यदि एकाधिकारीवादी प्रवृत्ति से उपर यदि नहीं उठ पाई तो, तृणमूल के अस्तित्व को बनाए रखना मुश्किल होगा। इतना तो साफ हो गया है कि ममता दीदी के दिन अब लद गए हैं। भाजपा को अपना प्रथम-शत्रु घोषित करने वाली ममता को बंगाल के लोग यदि सांप्रदायिकता और अधर्म की प्रतीक बताकर गालियां देते दिखाई दे रहे हैं-जबकि अब उनकी सत्ता नहीं है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि वहां जनता कितनी त्रस्त, परेशान और बदहाल थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## त्रिभाषा फार्मूला
डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति



# समावेशी विकास या फिर मानसिक बोझ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ 2023) के लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से 9 तक त्रिभाषा सूत्र को समग्रता से लागू करने का निर्णय भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में भाषा केवल संवाद या विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं होती यह ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रीय अस्मिता और मनुष्य की सोचने-समझने की मौलिक क्षमता के विकास का आधार होती है। यही कारण है कि प्रतिष्ठित संस्थाओं और देश के प्रख्यात शिक्षाविदों ने सीबीएसई के इस निर्णय को प्रशंसनीय बताया है। इसके विपरीत महानगरों के कुछ छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत में इस नीति के खिलाफ जनहित याचिका दायर करना और इसे 'मानसिक बोझ' बता देना एक नए वैचारिक टकराव को जन्म देता है। इस स्थिति को समझने के लिए हमें इस विषय के व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं का गहराई से विश्लेषण करना होगा। दुनिया के मानचित्र पर यदि हम चीन, जापान, रूस, जर्मनी, फ्रांस व ब्राजील जैसे विकसित और विकासशील देशों पर दृष्टि डालेंतो अनुभव होता है कि इन सभी राष्ट्रों ने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का पूरा ढांचा अपनी मातृभाषा या अपनी राष्ट्रीय भाषाओं पर ही केंद्रित रखा है। यूनेस्को जैसी वैश्विक संस्था भी लगातार इस बात जोर दे रही है कि बच्चों को उनकी शुरुआती कक्षाओं में मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए। जिससे उनकी सोचने और समझने की मौलिक शक्ति का ह्रास नहीं होता। जब दुनिया के विकसित देश अपनी भाषाओं के माध्यम से विज्ञान, तकनीक और चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकते हैं तो भारत में इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? एक बड़ा प्रश्न यह भी उठता है कि जब हमारे देश का एक विशिष्ट वर्ग बच्चों पर छोटी उम्र से ही विदेशी भाषाएं सीखने या पूरी शिक्षा विदेशी भाषा के माध्यम से ग्रहण करने का दबाव बनाता है तब उन्हें कोई 'मानसिक बोझ' दिखाई नहीं देता, लेकिन जैसे ही बच्चों को मातृभाषा के साथ-साथ दो अन्य भारतीय भाषाएं सीखने का विकल्प दिया जाता है तो उसे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बताकर न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया जाने लगता है। जब कोई छात्र अपने ही देश की किसी दूसरी भाषा को सीखता है तो वह केवल भाषा नहीं सीखता, बल्कि उस राज्य के इतिहास, लोक-साहित्य, परंपराओं और वहां के जनजीवन से जुड़ता है। एक उत्तर भारतीय छात्र का तमिल, तेलुगु, ओड़िया या मराठी सीखनाया एक दक्षिण भारतीय छात्र का हिंदी, संस्कृत या बांग्ला सीखना केवल एक अतिरिक्त विषय पढ़ना नहीं है यह उस पुल का निर्माण करना है जो दिलों को जोड़ता है। यह नीति 'अनेक भाषाएं एक भारत-समृद्ध भारत समर्थ भारत' को चरितार्थ करती है जो भारत को समस्त विश्व में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस 'मानसिक बोझ' के मिथक को यदि आधुनिक भाषा विज्ञान और न्यूरोसाइंस से समझा जाए, तो यह पूरी तरह से एक काल्पनिक और वैज्ञानिक आधार से परे का कुतर्क साबित होता है। इस गहरी समानता के कारण एक भारतीय छात्र के लिए अपने ही देश की किसी दूसरी क्षेत्रीय या शास्त्रीय भाषा को सीखना किसी बिल्कुल अनजानी विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच, जर्मन को सीखने की तुलना में बहुत आसान सुगम और स्वाभाविक होता है। तीन भाषाओं के अध्ययन को एक 'अतिरिक्त बोझ' के रूप में प्रचारित करना वास्तव में हमारे बच्चों की सीखने की प्राकृतिक और असीम क्षमता को कम आंकने जैसा है। यदि हम भारत के विभिन्न राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्डों को देखें तो पाएंगे कि देश के अधिकांश राज्यों में कक्षा 6 से 10 तक त्रिभाषा सूत्र पहले से ही सफलतापूर्वक और बिना किसी व्यवधान के चल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण के कई राज्यों के सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रामीण और सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्र अंग्रेजी और अपनी राज्य की मुख्य भाषा के साथ-साथ एक अन्य भारतीय भाषा (प्रायः हिंदी संस्कृत या कोई क्षेत्रीय भाषा) का अध्ययन दशकों से कर रहे हैं। इन करोड़ों छात्रों को कभी तीन भाषाएं पढ़ने में कोई कठिनाई या मानसिक तनाव महसूस नहीं हुआ और न ही इससे उनकी शैक्षणिक प्रगति में कोई बाधा आई। अनेक भाषाएं, एक भारत के इसी मूल मंत्र को अपनाकर ही हम एक सांस्कृतिक रूप से सजग मानसिक रूप से सुदृढ़ और दुनिया के सामने आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

(लेखिक हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था।राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। मनुष्य भी जीवन भर संपत्तियों का संचय करता है। संपत्ति संचय के लिए तरह-तरह के पैतरे अपनाता है पर अंततः जब मृत्य आती है तो संचय की गई संपत्ति यही छोड़कर जाना पड़ता है। उस संचित संपत्ति पर परिवार के सदस्यों का हक होता है। इसी जरूरत से ज्यादा संपत्ति के संचय से बचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- महेश कुलकर्णी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### सजा पूर्ण पर बांग्लादेश की जेलों में बंद 150 भारतीय

लगभग 150 भारतीय अपनी जेल की सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बांग्लादेश की जेलों में बंद हैं, क्योंकि प्रक्रिया से संबंधित देरी के कारण उनकी स्वदेश वापसी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक जेल अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि छह महीने पहले प्रकाशित जेल आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश की जेलों में 152 विदेशी कैदी बंद हैं, जिनमें 148 भारतीय शामिल हैं। ये सभी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, फिर भी जेल में हैं।अधिकारी ने कहा कि इनमें से कई विदेशी कैदियों ने वर्षों पहले अपनी सजा पूरी कर ली थी, लेकिन पहचान सत्यापन की प्रक्रिया, नौकरशाही से जुड़ीं अड़चनों और राजनयिक स्तर पर निष्क्रियता के कारण इनकी रिहाई और वापसी में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में इन भारतीय को अवैध रूप से सीमा पार करने जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। न्यूज पोर्टल ने खबर दी कि दक्षिण-पश्चिमी शरियतपुर जिला जेल में ही 17 भारतीय कैदी अपनी सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बंद हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।



## ऑफ बीट

### औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## X ट्रेंड

### संविधान पर हमले जारी



संविधान पर हमले जारी हैं। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। आर्थिक माहौल कमजोर है। निवेश अपेक्षित गति से नहीं आ रहा, रोजगार पर असर पड़ रहा है। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### स्वार्थी भाजपा में जा रहे



साल 2024 में इन सांसदों ने टीएमसी के टिकट पर जीत दर्ज की थी और यह जनादेश एनडीए के लिए नहीं था। पीली पतलून वाले जितने भी लालची और स्वार्थी हैं, वे अब बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। यूसुफ पठान थोड़ी हिम्मत दिखाइए, हमारे जिले ने आपको भारी बहुमत से जिताया है, इसलिए थोड़ी शर्म दिखाइए। **-महुआ मोइत्रा,** सांसद टीएमसी

### अवैध शिकार में शामिल



पश्चिम बंगाल चुनाव का (भाजपा प्रभारी के तौर पर) काम देखने वाले केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 'अवैध शिकार' में शामिल हुए हैं। इन मंत्री का विशेष काम शिकारियों को पकड़वाना और अवैध शिकार को रोकना है, न कि खुद ऐसा करना।
**-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### टीम को मानकों पर परखें



अब समय आ गया है कि टीम को 'बदलाव के दौर' में बताने के बजाय टेस्ट क्रिकेट के मानकों पर परखा जाए। हाल के टेस्ट नतीजों को देखें तो गेंदबाजों ने काम काफी हद तक किया, लेकिन बल्लेबाजों को, अनुशासन व बेहतर तकनीक दिखाने की जरूरत है।
**-सुनील गावस्कर,** पूर्व कप्तान, क्रिकेट

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com






*फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से मिंडानाओ क्षेत्र में सोमवार को 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप के कारण कुछ ही सेकंड में इमारतें हिलने लगीं, दीवारें दरक गईं और कई जगह पूरी बिल्डिंगें ढह गईं. इसमें एक स्कूल भी शामिल था। भूकंप की तबाही का मंजर बड़ा खौफनाक था। हादसे में 30 से ज्यादा लोगों की जान गई है। यह भूकंप इतना ताकतवर था कि आसपास के देशों में भी सुनामी का अलर्ट जारी करना पड़ा और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। फिलीपींस के भूकंप और ज्वालामुखी विज्ञान संस्थान ने बताया कि भूकंप जनरल सैंटोस शहर के पास समुद्र के किनारे आया। भूकंप स्थानीय समय के अनुसार सुबह लगभग 7:37 बजे आया और इसकी गहराई लगभग 35 किलोमीटर थी।*

# ताश के पत्तों की तरह गिरे मकान

## फिलीपींस में भीषण भूकंप, जान-ओ-माल का भारी नुकसान | कुछ ही सेकंड में तबाह हुए मकान



## खबर संक्षेप

### बंगाल में सीबीआई को मिली जांच की खुली छूट!

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने 8 जून 2026 को जारी अधिसूचना के माध्यम से केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को राज्य में जांच करने की सीमित मंजूरी दे दी है। होम और हिल अफेयर्स विभाग की इस नोटिफिकेशन के अनुसार दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीई) एक्ट, 1946 की धारा 6 के तहत यह अनुमति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। निर्णय का दायरा स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के कर्मचारियों और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (PSU) से जुड़े मामलों तक सीमित रखा गया है।



### काशी में बनेगा दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग

**वाराणसी।** वाराणसी नगर निगम भेलूपुर जलकल विभाग की 20 एकड़ भूमि पर 100 करोड़ रुपये की लागत से दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग और भव्य अर्बन पार्क स्थापित करने जा रहा है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के अनुसार, इस शिव थीम पार्क का टेंडर जारी हो चुका है और यह अगले 8 से 9 महीनों में बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों के लिविंग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाना और पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं देना है।



### न्यूयॉर्क के पेन स्टेशन पर चाकूबाजी में 5 घायल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी स्थित पेन स्टेशन पर रविवार शाम चाकूबाजी की घटना में 5 लोग घायल हो गए। पुलिस ने हमले के बाद संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में इसे रैंडम हिंसक हमला माना जा रहा है। न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट के अनुसार घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। दो लोगों को मध्यम और दो को मामूली चोटें आई हैं। घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7 बजे हुई। हमले के बाद पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और बाद में एमट्रैक पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। यह घटना ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सोमवार को न्यूयॉर्क दौरे पर आने वाले हैं।

## मिडिल ईस्ट में फिर बढ़ गया है तनाव

# इजरायल पर ईरान-हिजबुल्लाह ने एक साथ बोला हमला, नेतन्याहू ने भी बरसाए बम

*मिडिल ईस्ट में तनाव फिर बढ़ गया है। रविवार देर रात इजरायल पर दो तरफ से एक साथ हमला हो गया। ईरान ने इजरायल की तरफ मिसाइलें दागीं। वहीं लेबनान की तरफ से हिजबुल्लाह ने भी मिसाइल और ड्रोन से हमला बोल दिया। इसके बाद इजराइल ने भी पलटवार करते हुए ईरान के कई इलाकों में बमबारी की। वहीं मिडिल ईस्ट में अलर्ट जारी हो गया है। ईराक और सीरिया ने भी अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं।*

**लेबनान पर हमलों के विरोध में ईरान ने किया यह अटैक** | **इजराइल के अलग-अलग शहरों में फिर गूंजने लगी सायरन की आवाज**



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने इजरायल के उत्तर की ओर 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसके बाद इजरायल का डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया, फिर अलग-अलग शहरों में सायरन की आवाज गूंजने लगी। इजरायल का कहना है कि अप्रैल में हुए संघर्ष-विराम के बाद ईरान ने उस पर पहली बार मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने इजरायल पर ये हमले लेबनान की वजह से किए हैं। ईरान चाहता है कि इजरायल लेबनान पर सैन्य एक्शन बंद कर दे। लेकिन इजरायल वहां हिजबुल्लाह समेत दूसरे ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। ताजा हमले लेबनान की राजधानी बेरूत में किए गए थे। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ईरान और लेबनान के झंडों की एक साथ तस्वीर पोस्ट की।

### यह कहा ईरान ने

हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सलाहकार मोहसेन रेजाई का बयान भी आया। उन्होंने कहा कि ईरान ने बार-बार चेतावनी दी थी कि वह युद्धविराम के उल्लंघन और लेबनान पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। हमलावरों को आज रात इसका जवाब मिल गया। वहीं ईरान की फोर्स आईआरजीसी ने कहा कि इजरायल बार-बार युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए, अपराधी अमेरिका की मिलीभगत और अंतरराष्ट्रीय मंचों की चुप्पी के चलते लेबनान के उत्पीड़ित लोगों के खिलाफ अपनी क्रूरता को लगातार तेज कर रहा है, और फास्फोरस बमों सहित प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल करके वॉर-क्राइम कर रहा है।

## ईरान के 4 शहरों में बरसाए बम

इजरायल की सेना ने ईरान के 4 शहरों तेहरान, इस्फाहान, तबरीज, मेहराबाद में एयरपोर्ट पर बमबारी की और मिसाइलें भी दागीं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बताया कि इजरायली सेना आईडीएफ ने ईरानी की सीमा में एंट्री किए बिना बाहर से मिसाइलें दागकर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमार बेंगवीर ने धमकी दी है कि अब तेहरान जलना चाहिए।

### नेतन्याहू ने ट्रंप का आदेश किया दरकिनार

बता दें कि इजरायल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश को दरकिनार करते हुए ईरान पर हमले किए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान और हिजबुल्लाह के हमले के बाद नेतन्याहू को फोन करके जवाबी हमला न करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके इजरायल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। जबकि ट्रंप यह भी कह चुके हैं कि फैसले नेतन्याहू नहीं, वे लेते हैं और वे जो फैसले लेंगे, वे नेतन्याहू को भी मानने होंगे।



### इजरायल-ईरान तुरंत गोलीबारी' बंद करें: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को इजरायल और ईरान से तुरंत 'गोलीबारी' रोकने को कहा, दोनों देशों के बीच सीधी लड़ाई का एक नया दौर शुरू होने से पूरे इलाके में तनाव और बढ़ने का डर पैदा हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'इजरायल और ईरान को तुरंत 'गोलीबारी' बंद कर देनी चाहिए।'



### भारतीयों से तुरंत ईरान छोड़ने की एडवाइजरी

तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक नई एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा से बचने और वहां मौजूद लोगों से उपलब्ध परिवहन साधनों का उपयोग कर जल्द से जल्द देश छोड़ने की अपील की है। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा, यह एडवाइजरी ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों पर लागू होती है जिनमें छात्र, कारोबारी, तीर्थयात्री और पर्यटक शामिल हैं। ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान भारत सरकार द्वारा जारी की गई यह आठवीं एडवाइजरी है।

## पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने कहा- हमारे सिस्टम में कोई लीक नहीं था

# एनटीए ने नीट पेपर लीक से किया इंकार




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में बनी पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने कहा है कि 03 मई को आयोजित नीट परीक्षा लीक नहीं हुई थी बल्कि जो भी सवाल सोशल मीडिया और स्टूडेंट्स के बीच घूम रहे थे वह 'गेस पेपर' था। एनटीए ने इस कमेटी के सामने यह कहा है कि उनके सिस्टम से कोई लीक नहीं हुआ था। वहीं पार्लियामेंट्री पैनल ने एनटीए से यह रिक्वेस्ट की है कि 'पेपर लीक' की सही परिभाषा समझाएं और 2018 के बाद से कोई पेपर लीक हुआ है या नहीं ये भी बताएं। रिपोर्ट के मुताबिक, पार्लियामेंट्री पैनल ने एनटीए से यह रिक्वेस्ट की है कि वह 'पेपर लीक' की साफ परिभाषा बताएं और यह भी बताएं कि 2018 के बाद हुए एग्जाम में कोई पेपर लीक हुआ है या नहीं। यह जांच एनटीए अधिकारियों के हाल ही में पैनल के सामने पेश होने के बाद हो रही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके सिस्टम से कोई लीक नहीं हुआ है। उन्होंने दावा किया कि जो भी प्रश्न सर्कुलेट हुए थे वह सिर्फ 'गेस पेपर'से हैं।

### पैनल ने मांगा लिखित जवाब

*इस पैनल ने ओएसएम सिस्टम के बारे में सीबीएसई से और नीट पेपर लीक के बारे में एनटीए से लिखित जवाब मांगा है। पैनल ने एनटीए से पूछा है कि सीबीआई की जांच के अलावा नीट पेपर लीक के आरोपों की कोई जांच की जा रही है? इसके अलावा कमेटी ने एनटीए से पिछले तीन सालों में उसके स्टाफ की संख्या और 2022 के बाद से हुई किसी भी नई भर्ती के बारे में पूछा। उन्होंने पिछले तीन सालों की हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट को दी गई एनटीए की सालाना रिपोर्ट भी मांगी।*

**देश से भागने की फिराक में था, एसटीएफ ने पकड़ा**

# टीएमसी नेता जहांगीर नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की फलता सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार रहे जहांगीर खान को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने जहांगीर खान को नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से पकड़ा है। टीएमसी का पूर्व विधायक जहांगीर खान देश छोड़कर नेपाल भागने की फिराक में था। जहांगीर खान की गिरफ्तारी किस जगह से और कब की गई, इस संबंध में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जहांगीर खान की गिरफ्तारी के संबंध में अधिक जानकारी साझा कर सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक जहांगीर खान फलता विधानसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव के बाद से लापता चल रहा था। पश्चिम बंगाल पुलिस और एसटीएफ को कई मामलों में जहांगीर खान की तलाश थी। जहांगीर के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं। एसटीएफ ने जहांगीर को पकड़ने के लिए टेक्निकल सर्विलांस का सहारा लिया। जहांगीर खान के एक सहयोगी का फोन जब ट्रैक किया गया, एसटीएफ जहांगीर खान तक पहुंच गई।



### यह है मामला

जहांगीर खान के खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और दंगा भड़काने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं। जहांगीर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज है, जिसकी जांच ईडी कर रही है। जहांगीर खान को कोलकाता हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दे रखी थी। हालांकि, इसकी मियाद समाप्त होने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से मिली अंतरिम सुरक्षा बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

**फलता सीट से टीएमसी ने बनाया था उम्मीदवार** : बता दें कि जहांगीर को टीएमसी ने हालिया चुनाव में फलता सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जहांगीर खान ने मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया था। बंगाल चुनाव के दौरान जहांगीर खान आईपीएस जय पाल शर्मा को धमकी देकर सुर्खियों में आया था।

### जावेद जाफरी की पत्नी से ठगी, अफसर सस्पेंड



बॉलीवुड अभिनेता जावेद जाफरी की पत्नी हबीबा जाफरी कथित निवेश घोटाले का शिकार हो गई हैं। उनसे करीब 16.24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। मामले की जांच के दौरान एक बीएमसी अधिकारी का नाम सामने आया, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हबीबा ने बेहतर रिटर्न के वादे पर बड़ी रकम निवेश की थी, लेकिन बाद में उन्हें कथित तौर पर धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस और संबंधित एजेंसियों ने जांच शुरू की, जिसके तहत एक बीएमसी अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

**अभिजीत बोले- 13 जून तक शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग**

# कॉकरोच जनता पार्टी करेगी देशभर में प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा है कि परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ शुरू किया गया उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते. उन्होंने दावा किया कि जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन सफल रहा और अब इस आंदोलन को देशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा। अभिजीत दीपके ने कहा कि जंतर मंतर पर किया गया प्रोटेस्ट ट्रेलर है। इस्तीफा नहीं हुआ तो पूरे देश में प्रोटेस्ट करेंगे। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपने आवास पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दीपके ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में छह से सात हजार लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं और छात्रों को मिल रहा समर्थन इस बात का संकेत है कि यह आंदोलन अब राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ेगा।

### जंतर-मंतर में जुटे थे छात्र

शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र, युवा और अभ्यर्थी जुटे थे। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ नारे लगाए। कई प्रदर्शनकारी कॉकरोच मुखौटे पहनकर भी पहुंचे थे।

**घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा**
सीजेपी हाल के महीनों में नीट, सीबीएसई, सीयूईटी और कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं समेत विभिन्न भर्ती और परीक्षा प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जवाबदेही की मांग को लेकर सक्रिय रहा है। इस बीच, दीपके के छत्रपति संभाजीनगर स्थित आवास की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## पवन कल्याण की मूवी 'ओजी' देखते हुए निकलवाया दिमाग से ट्यूमर

**आंध्र प्रदेश में हुई अवेक ब्रेन सर्जरी**


# खोपड़ी खुली थी और महिला देख रही थी फिल्म

एजेंसी ▶▶ गुंटूर

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 45 साल की महिला की प्राइवेट अस्पताल में महिला की अवेक ब्रेन सर्जरी (होश में रखकर की जाने वाली सर्जरी) की गई। जी हां महिला ने ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी के दौरान न केवल होश संभाले रखा, बल्कि अपने पसंदीदा अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म ओजी भी देखती रही। यह अनोखी सर्जरी वडलामुडी गांव स्थित डीवीसी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में की गई। डॉक्टरों ने महिला के दिमाग से ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया, जबकि वह पूरी प्रक्रिया के दौरान जाग रही थी और डॉक्टरों से बातचीत भी कर रही थी।

### बेहोशी और दौरे पड़ने के बाद हुई जांच

कोटेश्वरम्मा नाम की महिला को बार-बार बेहोश होने और दौरे पड़ने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच और एमआरआई स्कैन में पता चला कि उसके मस्तिष्क में एक ट्यूमर है, जो दिमाग के उस बेहद संवेदनशील हिस्से के पास स्थित था जो शरीर की गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण न्यूरोलॉजिकल कार्यों को नियंत्रित करता है।



### क्यों जागते हुए की गई सर्जरी?

ट्यूमर की जटिल स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने अवेक ब्रेन सर्जरी करने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में मरीज को पूरी तरह बेहोश नहीं किया जाता, ताकि डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान उसके मस्तिष्क की गतिविधियों पर नजर रख सकें और किसी महत्वपूर्ण हिस्से को नुकसान पहुंचने से बचाया जा सके।

### पवन कल्याण की फिल्म बनी सहारा

ऑपरेशन से पहले डॉक्टरों को पता चला कि कोटेश्वरम्मा अभिनेता और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की बड़ी प्रशंसक हैं। मरीज को शांत और सहज बनाए रखने के लिए मेडिकल टीम ने सर्जरी के दौरान उनकी पसंदीदा फिल्म ओजी चला दी। फिल्म देखते हुए महिला लगातार डॉक्टरों के सवालों का जवाब देती रही। सर्जरी के दौरान डॉक्टर समय-समय पर उससे हाथ-पैर हिलाने और अन्य सामान्य निर्देशों का पालन करने के लिए कहते रहे।

### डॉक्टरों ने ऐसे हटाया ट्यूमर

महिला की प्रतिक्रियाओं की मदद से डॉक्टर रियल टाइम में उसके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर नजर रखते रहे. इससे उन्हें यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि ट्यूमर निकालते समय दिमाग के किसी महत्वपूर्ण हिस्से को नुकसान न पहुंचे. आखिरकार सर्जरी सफल रही और ट्यूमर को सुरक्षित रूप से हटा दिया गया। यह मामला अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां लोग एक ओर आधुनिक चिकित्सा तकनीक की तारीफ कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पवन कल्याण के प्रति महिला की दीवानगी की भी खूब चर्चा हो रही है।

**नियामक ने शुरू की जांच**

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर रविवार को अचानक आए तूफान और तेज बारिश की वजह से पार्किंग में खड़े एअर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तेज हवाओं के कारण ये उपकरण टर्मिनल 2 पर खड़े विमानों से टकरा गए। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए विमानन सुरक्षा नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत प्रभाव से मामले की जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक बयान के अनुसार, रविवार शाम लगभग 4:30 बजे दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर मौसम अचानक बेहद खराब हो गया।

### विमानों को नुकसान कैसे पहुंचा?

इस दुर्घटना का मुख्य कारण तेज हवाएं थीं। बयान के मुताबिक, आंधी इतनी तेज थी कि पास के स्टैंड और आसपास के इलाकों में रखे गए दो ग्राउंड उपकरण अपनी जगह से खिसक गए। ये उपकरण अनियंत्रित होकर दो अलग-अलग विमानों से जा टकराए, जिससे विमानों के विभिन्न हिस्सों में डैमेज हुआ। इसके अलावा, इस झटके और प्रभाव के कारण एक तीसरे विमान की दाहिनी तरफ की स्लाइडिंग विंडो (खिड़की) भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## कैबिनेट आज, खरीफ की समीक्षा और तबादला नीति पर हो सकता है फैसला

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में बुलाई गई है। सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर इस बैठक पर प्रदेशभर की निगाहें टिकी हुई हैं। सरकार ट्रांसफर पॉलिसी पर फैसला ले सकती है। साथ ही प्रदेश में खाद की उपलब्धता और वैकल्पिक उपायों को लेकर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए जाएंगे।


**कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा ब्लॉक-3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
(फोन - 0771-2636413 फैक्स 0771-2263412)
(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG-SET) 2026
**:: संक्षिप्त विज्ञापन ::**

क्रमांक /CG-SET-26/2026 नया रायपुर, अटल नगर दिनांक.

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम-छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल), नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG-SET) 2026 हेतु "राज्य एजेंसी" के रूप में नियत किया गया है। सेट परीक्षा हेतु पात्र उम्मीद्वारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम-छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल), नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) के वेबसाइट htpps://vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जायेंगे।

परीक्षा की संभावित तिथि दिनांक 04 अक्टूबर, 2026 है। CG-SET सम्बंध में विस्तृत जानकारी रोजगार और नियोजन के आगामी अंक तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम-छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल), रायपुर के वेबसाइट htpps://vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध होगी।

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
छत्तीसगढ़

जी.262701267/2



**Office of the Commissioner Medical Education**
Sector 19, North Block, Swasthya Bhawan, 2nd floor, Nava Raipur, Atal Nagar C.G.
Email- cmeoffice-cg@cg.gov.in

**File No. PROJ-5504/1/2025-DME-Part(1)**
**Nava Raipur, Date 05-06-2026**

**2nd Short Advertisement Notice**
CG state allied and Healthcare Professions Council

Second Online application is invited for the short listing of nomination in post of members of Chhattisgarh State Allied and Healthcare Professional Council as per the provisions of Chhattisgarh State Allied and Healthcare Professional Council Rules 2025.

1. The detailed advertisement notice and link for online application (https://monitoringcell.cgdme.in/allied-portal/login) is available in Director Medical Education website https://cgdme.in/. from **08.06.2026, Time 10:00 AM** onwards.
2. The last date and time for submission of online application is **15.06.2026, Time 11:59 PM.**
3. All Interested candidates are requested to go through NCAHP Act-2021 and Chhattisgarh State allied and Healthcare Professional Council Rules-2025 available in above said website for details related to recognized professional categories/ eligibility/ prescribed qualification/ tenure/ allowances/ service conditions and other details before applying.

Commissioner Medical Education
Chhattisgarh

जी.262701280/1


**रोपण किए जाने वाले ज्यादातर पौधे सागौन के साथ नीलगिरी के होंगे ❑ वन विभाग द्वारा रायपुर वनमंडल में महज 50 से 60 हजार पौधों का किया जाएगा रोपण**

# 22 सौ हेक्टेयर में वन विकास निगम लगाएगा 55 लाख पौधे, रायपुर में नहीं मिल पा रही जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून सीजन शुरू होने के साथ ही वन विभाग के साथ वन विकास निगम ने पौधारोपण की तैयारी तेज कर दी है। इस वर्ष वन विकास निगम द्वारा पूरे प्रदेश में 54 लाख 56 हजार पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा वन विभाग अलग से पौधारोपण करेगा।

पूरे राज्य में 15 जून के बाद से पौधारोपण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। वन विभाग राज्य में किन-किन जगहों पर पौधारोपण करेगा, यह अब तक तय नहीं है। राज्य वन विकास निगम के एमडी प्रेम कुमार के अनुसार वन विकास निगम जिन क्षेत्रों में पौधारोपण करेगा, उन क्षेत्रों में कितने हेक्टेयर में किस प्रजाति का पौधारोपण किया जाएगा, उस प्रजाति के पौधों की संख्या निर्धारित कर ली गई है। पौधारोपण करने के लिए वन विकास निगम के अफसर जगह चिन्हांकित करने का काम कर रहे हैं। जगह चिन्हांकित होने के बाद 15 जून से पौधारोपण का कार्य किया जाएगा।



### जगह के लिए मोहताज हुआ रायपुर वनमंडल

डीएफओ लोकनाथ पटेल के अनुसार रायपुर वनमंडल में वन विभाग के पास जगह की कमी है। राजस्व विभाग की ओर से उन्हें पौधारोपण करने पर्याप्त जगह नहीं दी जाती। इस कारण यहां अन्य वनमंडलों की तुलना में कम क्षेत्रफल में पौधारोपण होता है। अफसर के अनुसार इस मानसून सीजन में रायपुर वनमंडल में 50 से 60 हजार पौधारोपण होने की उम्मीद है। निःशुल्क 10 से 15 लाख पौधा वितरण किया जाएगा।

### इन प्रजातियों के पौधों का इतनी संख्या में होगा रोपण

विभाग द्वारा प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक वन विकास निगम नीलगिरी के साथ ही सागौन पौधों का रोपण करने का काम करेगा। जिन दो प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा, उन प्रजातियों में 1080 हेक्टेयर में वर्षा आधारित 27 लाख सागौन रोपण (रूट शूट) के माध्यम से किया जाएगा, जबकि 375 हेक्टेयर में नौ लाख 37 हजार 500 नीलगिरी पौधों का रोपण किया जाएगा। हरियर छत्तीसगढ़ कोष से 96 हेक्टेयर में दोनों प्रजाति के एक लाख छह हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। 685 हेक्टेयर के क्षेत्रफल को डिपाजिट रोपण के लिए सुरक्षित किया गया है।

# बैक डेट में आदेश जारी किया तहसीलदार ने, हाईकोर्ट ने बेदखली पर रोक लगाई

## एसडीएम कोर्ट में लंबित प्रकरण के बाद भी बेदखली नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के एक भू-स्वामी को बड़ी राहत देते हुए तहसीलदार द्वारा जारी बेदखली नोटिस के क्रियान्वयन पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने एसडीएम को निर्देशित किया है कि तहसीलदार के अंतिम आदेश के खिलाफ लंबित अपील और स्थगन आवेदन पर जल्द कानूनन फैसला करें। रामानुजगंज निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा दायर रिट याचिक पर जस्टिस एनके चंद्रवंशी के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई।



याचिकाकर्ता कृष्ण कुमार गुप्ता ने वर्ष 2006 में रामानुजगंज में एक नजूल भूखंड खरीदा था, जिसका राजस्व नक्शा सुधार का मामला एसडीएम कोर्ट में लंबित है। मामला एसडीएम कोर्ट में लंबित रहने के दौरान, तहसीलदार रामानुजगंज ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भू-राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत अतिक्रमण का मामला दर्ज कर, बेदखली के लिए नोटिस जारी कर दिया। एसडीएम कोर्ट में लंबित प्रकरण के बाद तहसीलदार कोर्ट द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देते हुए कृष्णकुमार गुप्ता ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### स्टे के बाद भी आदेश जारी किया

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने तहसीलदार को अंतिम आदेश पारित नहीं करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तहसीलदार पर हाईकोर्ट के आदेश की सीधे तौर पर अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए बताया कि स्टे के बाद भी तहसीलदार ने बैक डेट 12 मई 2026 का उपयोग कर अंतिम आदेश पारित कर दिया और 15 मई 2026 को ही बेदखली का नया नोटिस भी जारी कर दिया। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया, याचिकाकर्ता ने 14 मई को तहसीलदार के समक्ष एक आवेदन दिया था जिसे रिकॉर्ड पर लिया गया था। यदि आदेश 12 मई को ही पारित हो चुका था, तो 14 मई का आवेदन रिकॉर्ड पर क्यों और कैसे लिया गया? इससे साफ है कि आदेश बाद में पिछली तारीखों में तैयार किया गया है।

# नीति आयोग गवर्निंग कांउसिल की बैठक में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष पैकेज की होगी मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली में एनडीएम मुख्यमंत्रियों की बैठक और नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। 10 और 11 जून को होने वाली नीति आयोग की गवर्निंग कांउसिल बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। मुख्य फोकस मानव संसाधन विकास, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और प्रशासन में एआई के उपयोग पर रहने की संभावना है।



छत्तीसगढ़ पहले भी कौशल-आधारित शिक्षा, एआई, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और युवाओं के लिए मानव संसाधन विकास पर जोर देता रहा है। इसीलिए राज्य अतिरिक्त केंद्रीय सहायता, स्किल हब और उद्योग-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मांग कर सकता है। बताया गया है कि बस्तर और अन्य आदिवासी क्षेत्रों में सड़क, मोबाइल कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष प्रस्ताव आ सकते हैं। हाल में सुरक्षा शिविरों को 'सेवा केंद्र' के रूप में विकसित करने का विचार भी सामने आया है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की पहुंच बढ़े।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज

राज्य सरकार का लक्ष्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेज विकास और बुनियादी ढांचा विस्तार है। इसलिए सड़क, दूरसंचार, शिक्षा संस्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार योजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय पैकेज की मांग करेंगे। आदिवासी क्षेत्रों के विकास को लेकर इनमें बस्तर और सरगुजा के लिए विशेष विकास पैकेज का प्रस्ताव देंगे। छत्तीसगढ़ अपनी अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ाने और जीएसडीपी को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रख रहा है। राज्य एआई, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी और खनिज-आधारित उद्योगों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं पर केंद्र का सहयोग की मांग कर सकता है।


**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षेत्र रामानुजगंज/07-5/2026-27/1566 रायपुर, दिनांक 05/06/2026,

**ई-प्रोक्यूरमेंट (तृतीय) निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि:- 22.06.2026 फिजिक्ल सबमिशन की अंतिम तिथि:- 01.07.2026**

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला बलरामपुर वि.ख. रामचन्द्रपुर के 05 ग्राम आबादी, ओरंगा (गायत्री परिवार), सिलाजू (खेल मैदान के पास) इन्द्रावतीपुर (शिव मंदिर के पास), डुमरपान (बगेश्वर घुटरा शिव मंदिर के पास) में सामुदायिक भवन एवं 01 ग्राम रामचन्द्रपुर (बस स्टैण्ड) में सामुदायिक शौचालय तथा 02 ग्राम पंचावल (मडेरिया पारा में गुडीदेव धाम के पास), सुन्दरपुर (गुडी देवधाम के पास) में अहाता निर्माण। (तृतीय आमंत्रण) | 132.02 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव कृषि उपज मंडी समिति, रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज
सही/-भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति, रामानुजगंज, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

संवाद- 48078



**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद**

**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

ई-नीलाम दिनांक - 19/06/2026 ई-नीलाम समय - प्रातः 09 : 00 बजे

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा (घनमीटर) | | | बल्ली/ डेंगरी/ फेंसिंग (संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | पुराना | योग | नया | पुराना | योग |
| 1 | सागौन | 147.448 | 122.040 | 269.488 | 13793 | 59573 | 73366 |
| 2 | साल | 1015.446 | 1938.099 | 2953.545 | 1146 | 3635 | 4781 |
| 3 | बीजा | 198.123 | 206.138 | 404.261 | 96 | 159 | 255 |
| 4 | शीशम | 1.917 | 0 | 1.917 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | तिन्सा | 16.290 | 5.064 | 21.354 | 0 | 54 | 54 |
| 6 | साजा | 109.046 | 54.932 | 163.978 | 165 | 1565 | 1730 |
| 7 | हल्दू | 9.592 | 60.600 | 70.192 | 0 | 144 | 144 |
| 8 | धावड़ा | 47.269 | 7.317 | 54.586 | 223 | 968 | 1191 |
| 9 | सलई | 2.110 | 6.938 | 9.048 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | अन्य | 135.068 | 78.794 | 213.862 | 1524 | 785 | 2309 |
| | **योग** | **1682.309** | **2479.922** | **4162.231** | **16947** | **66883** | **83830** |

जलाऊ चट्टा

| डिपो का नाम | नया | पुराना | योग |
|---|---|---|---|
| अस्थाई पड़ाव डिपो परसुली | 0 | 120 | 120 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो नाऊमुड़ा | 588 | 251 | 839 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो कोड़ोहरदी | 0 | 244 | 244 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो खम्हारीपारा | 230 | 0 | 230 |
| निस्तार डिपो बोरसी | 0 | 55 | 55 |
| योग :- | 818 | 670 | 1488 |
| बांस | | | |
| उपभोक्ता डिपो देवभोग | 0 | 2000 | 2000 |
| निस्तार डिपो धवलपुर | 0 | 1793 | 1793 |
| **योग :-** | **0** | **3793** | **3793** |

टीपः-01. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है। 04. e-Auction में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट को क्रय करने के लिये अन्य क्रेताओं को 30 सेकेंड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकेंड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जायेगा।

जी. 262701265/2

वनमण्डलाधिकारी, गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद


## राशिफल

**मेष:** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष:** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# स्कैन कॉपी प्राप्त करने के लिए जिन्होंने नहीं किए आवेदन, वे पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र नहीं

रायपुर। सीबीएसई कक्षा 12वीं की पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कई छात्रों को पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर रोल नंबर दिखाई नहीं देने की शिकायत सामने आई है। इसे लेकर छात्रों और अभिभावकों के बीच भ्रम की स्थिति बन गई। अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस मामले पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए बताया है कि आखिर यह एरर क्यों दिखाई दे रहा है और किन छात्रों को इससे प्रभावित होना पड़ रहा है। सीबीएसई ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि रोल नंबर नहीं मिलने संबंधित संदेश किसी तकनीकी खराबी की वजह से नहीं दिख रहा है। बोर्ड के अनुसार यह संदेश केवल उन उम्मीदवारों को दिखाई देता है, जिन्होंने पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज की पहली प्रक्रिया यानी उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन नहीं किया था। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन और उत्तरों में दर्ज त्रुटियों के सत्यापन के लिए केवल वही छात्र पात्र थे जिन्होंने पहले चरण में अपनी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था।

■ 1.6 लाख छात्रों ने किया पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन


**कार्यालय जिला पंचायत, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
कार्यालय 07856-252522 ई-मेल पता-zp-dantewada.cg@nic.in

**// प्रेष विज्ञप्ति //**

क्रमांक / 142 / उप संचा./स.स्था./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 05/06/2026

कार्यालय जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के विज्ञप्ति क्रमांक /141/ उप संचा. / स.स्था./2026-27 दंतेवाड़ा, दिनांक 05/06/2026 के तहत जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में ग्राम पंचायत सचिवों के कुल 45 पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 22-06-2026 सायं 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमत्रित किया गया है। भर्ती हेतु विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के वेबसाईट www.dantewada.nic.in, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल, जिले के जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।


रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है

| रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | | | | | अ.ज.जा. | | | | | अ.जा. | | | | | अ.पि.व. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग |
| 45 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 19 | 10 | 3 | 2 | 34 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 2 | 0 | 0 | 7 |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत
दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

स.48073


## शब्द पहेली - 6251



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 6250 का हल



## सूडोकु नवताल - 6261

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6260 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |


छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन में
महिला सशक्तीकरण
महिला शक्ति को सम्मान
69 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह ₹1000 की सहायता
प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को ₹237 करोड़ की सहायता
19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार की सुनिश्चितता
महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना
महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 179 महतारी सदनों का निर्माण
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुशासन तिहार का ...

अलबत्ता शिविरों का यानी तिहार का विधिवत समापन 10 मई को ही होगा। गौरतलब है, इस पूरे अभियान के दौरान कड़कती गरमी और तेज धूप के बीच भी मुख्यमंत्री गांव-शहर, कस्बों से लेकर जिलों में जाकर आम लोगों से संवाद करते रहे। लोगों की मांगें और शिकायतें सुनी गईं। प्रदेश में जगह-जगह समाधान शिविर लगाए गए। अभियान में करीब साढ़े छह लाख आवेदन आए और अधिकतर का निराकरण सरकार ने किया है।

### ममता को बड़ा ...

हो गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण और कमजोर हो गया है। तृणमूल के वर्तमान में 28 लोकसभा सदस्य हैं। इनमें से एक सीट बसीरहाट सांसद हाजी नूरुल इस्लाम के निधन के बाद खाली हुई है।

### ऑयल टैंकर में आग...

कि मेडागास्कर के ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स में भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 1.30 बजे आग लगने की सूचना मिली। शर्मा ने आग लगने के कारण पर टिप्पणी करने से इनकार किया, लेकिन कहा कि पोत पर 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने बताया कि टैंकर खाली था और क्षेत्रीय तनाव से प्रभावित प्रमुख समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से काफी दूर स्थित था। शर्मा ने कहा, हमें फिलहाल यही प्रारंभिक जानकारी मिली है।

### फर्जी जाति प्रमाण ...

में बैगा जाति अंकित कराया जा रहा है। इनके राजस्व अभिलेख, स्कूल रिकॉर्ड, दाखिल-खारिज और निर्वाचन कागजातों में ढीमर ओबीसी जाति है। हरिभूमि ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया है। इससे पहले जाति प्रमाण पत्रों की जांच कराने व फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने जाति छानबीन समिति व राज्य शासन को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई होते नहीं देख, याचिकाकर्ता ने न्यायालीयन आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी है।

याचिकाकर्ता जय श्री सिंह पुसाम ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति के अधिकारियों के खिलाफ न्यायलयीन आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि 17 जून 2025 को छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का अफसर पालन नहीं कर रहे हैं। याचिका का कहना है कि अपात्र व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लाभ मिल रहा है और वह पद पर बने हुए हैं, इसके चलते वास्तविक अजजा के युवा वंचित हो रहे हैं। फर्जी लोग उनका हक मार रहे हैं। अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट को जानकारी दी गई है कि कोर्ट ने राज्य सरकार को चार महीने के भीतर शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

दूसरे जिलों से बनवा रहे हैं जाति प्रमाण पत्र

खास बात है कि ग्राम पोंडी का मामला सीपत तहसील मस्तूरी विकासखंड जिला बिलासपुर के अंतर्गत आता है। जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. मस्तूरी से जारी होना चाहिए लेकिन गड़बड़ी करते हुए समस्त फर्जी जाति प्रमाण पत्र वर्तमान मेंकार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. पेंड्रारोड, और पहले कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलासपुर से जारी हुआ है। यही नहीं ग्राम पोंडी के अलावा आसपास सीपत तथा रतनपुर क्षेत्र में इनके रिश्तेदारों (ससुराल पक्ष, भांजा पक्ष, दामाद पक्ष, बहु-बेटी पक्ष) के द्वारा भी अपने नाम मे बैगा लिखकर फर्जी बैगा जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया गया है।

### ग्राम पंचायत से ...

मास्टर मांइड समाज के ही एक अध्यक्ष और सचिव को बताया जा रहा है। इसमें से कुछ लोगों द्वारा अन्य रिस्तेदारो को भी बैगा लिखने व नौकरी लगाने का प्रलोभन दिया जा रहा है।

### दाखिल-खारिज ...

बिलासपुर के इमलीपारा का लिखा गया है जबकि सभी लोग ग्राम पोंड़ी, थाना सीपत, तहसील मस्तूरी के मूल निवासी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बैगा जनजाति मुख्य रुप से कुछ ही जिलों में ही पाई जाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार इनकी आबादी 89 हजार 744 है। 1949 से पहले कुछ ढीमर समुदाय के लोग बैगा लिखते थे, लेकिन इसके बाद जो भी प्रमाण पत्र जारी हुए वे संदिग्ध श्रेणी में आते हैं और जांच के दायरे में हैं।

### दुर्ग जिले में 159 ...

कंडम है जिसे डिसमेंटल करने की जरूरत है। उसके बावजूद जिला शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया है।

### दुर्ग ब्लॉक में सबसे...

विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को सालभर पहले ही पत्र लिखा था ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यह कार्य पूर्ण कर ली जाए। उसके बाद भी यह कार्य नहीं किया गया।

### इंडिया गठबंधन ने ...

प्रणाली से जुड़े विवाद, देश की आर्थिक स्थिति के साथ ही 'विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर चर्चा की गई।

### सड़क निर्माण कार्य ...

33 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी के हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद अन्य मजदूरों ने शोर मचाते हुए किसी तरह अपनी बचाई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की गई तथा आगे की वैधानिक प्रक्रिया जारी है।

### वायुसेना के मी-17 ...

कॉपियों को लेकर उन्हें सुरक्षित ढंग से वितरण और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएंगे। पेपर लीक के बाद 12 मई को रद्द हुई नीट की परीक्षा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में वायुसेना से मामले पर लॉजिस्टिक सहयोग लेने को लेकर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया था। जिसके बाद ही प्रश्नपत्रों को समय पर सुरक्षित ढंग से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए मी-17 हेलिकॉप्टरों का चयन किया गया है।

### धमतरी में पकड़ा गया ...

सूरजसिंह परिहार ने सोमवार को बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि महेंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 0834 एवं एक मारूति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 क्यूए 3116 में बड़ी मात्रा में अवैध गांजा का परिवहन हो रहा है।

### आपसी सहमति ...

आदेश बहाल किया, जिसमें स्टिपेंडियरी कैडेट ट्रेनी पुलिस कॉन्स्टेबल (एससीटीपीसी) के पद पर उनकी नियुक्ति पर फिर से विचार करने को कहा गया था। अपीलकर्ता को पुलिस कॉन्स्टेबल के पद पर नियुक्ति के लिए अस्थायी रूप से चुना गया।

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी,**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.)**

OFFICE: (07765)-233668 NRHM: (07765) -234140
Website: www.cghealth.nic.in E-mail: bpmu.pat@gmail.com
E-mail:bpm.pat@rediffmail.com

क्र. / 182/ जे.डी.एस./2026 पत्थलगांव दिनांक 05.06.2026

**विषय:- वर्ष 2026-27 का जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं अंत: रोगी भर्ती मरीज हेतु आहार निविदा आमंत्रण सूचना ।**

सिविल अस्पताल / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में संबंधित मेसर्स/स्व: सहायता समूह से निविदा के माध्यम से जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं अंत:रोगी भर्ती मरीज हेतु चाय नाश्ता / भोजन हेतु पृथक–पृथक निविदा आमंत्रित किया गया है निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 08.06.2026 से 17.06.2026 तक कार्यालयीन समयावधि राशि 2000.00 (शब्दों– दो हजार रुपये) का डिमांड ड्राफ्ट जीवनदीप समिति–पत्थलगांव के नाम से जमा कर निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तों का अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है, निविदा दिनांक 18.06.2026 दोपहर 01:00 बजे तक रजिस्टर डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा दिनांक 19.06.2026 को सायं 4.00 बजे निविदा खोली जावेगी।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव**
**जिला जशपुर छ.ग.**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विश्रामपुर 220/132 केवी उपकेंद्र में आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के कारण (Emergency Shutdown) संपूर्ण सरगुजा जिला एवं बलरामपुर जिला के उपकेंद्र बंद रहेंगे, जिससे दिनांक 09/06/2026 को सुबह 08:00 बजे से 11:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समय अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता (संचरण एवं संधारण)**
**संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अंबिकापुर**

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744225

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यूं जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-स्थानीय शाला भारत माता हिन्दी माध्यम उ.मा. शाला, बिलासपुर में सेवा हेतु शिक्षकों की आवश्यकता है। (रायपुर डायोसिस एज्युकेशन सोसाईटी द्वारा संचालित है) (1) गणित योग्यता- एमएससी, बीएड (2) अंग्रेजी योग्यता- एमए अंग्रेजी, बीएड (3) भूगोल योग्यता- एमए भूगोल, बीएड टीप- (i) पद पर प्रशिक्षित अनुभवी आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी। दिनांक 13.06.2026 दिन शनिवार प्रातः 10बजे, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं साक्षात्कार दिनाँक 15.06.2026 समय प्रातः 09.30 बजे से लिया जायेगा। सचिव भारत माता हिन्दी माध्यम उ.मा. विद्यालय बिलासपुर (41084)

**आवश्यकता है**-खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वा- 14000 महीना सम्पर्क करें- 9754293974 (41084)

**आवश्यकता है**-बुजुर्ग पेशेन्ट की 24 घंटे सम्पूर्ण देखभाल करने के लिए एक लड़के (केयर टेकर) की आवश्यकता है रहने खाने सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 7बजे तक 8657111111 (41082)

**आवश्यकता है**-कोनी स्थित शिक्षण संस्थान में स्टोर इंचार्ज कैटरिंग कार्य की आवश्यकता है आकर्षक वेतनमान अनुभवी और कोनी एवं सरकंडा क्षेत्र के निवासी को विशेष प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7748008770 (41078)

**आवश्यकता है**-परसदा (सकरी) दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कंस्ट्रक्शन साईट में रहकर सिर्फ चौकीदारी काम करने हेतु चौकीदार की आवश्यकता है वेतन 7000 प्रतिमाह 40वर्ष से ऊपर वाले ही सम्पर्क करें- 9827404638 (41080)

**आवश्यकता है**-उमा एजेन्सी में दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं ऑटो, छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- विजय नगर देवरीखुर्द बिलासपुर 9301517722 (41066)

**आवश्यकता है**-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (41087)

**आवश्यकता है**-प्रॉपर्टी आफिस में कार चलाने हेतु ड्राइवर (वेतन 11-12 हजार) हिन्दी टाइपिंग कम्प्यूटर जानकार युवती/ लड़की (9-11 हजार समय 9.30 से 8बजे) पता- JBS Infra Developers मेन रोड तोरवा 9300000194 (41086)

**आवश्यकता है**-बेकरी एवं Sweets दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर, काऊंटर सेल्समैन, स्टोर कीपर, कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- बेकर्स फार्म, अम्बा फ्यूल्स के ठीक सामने, तारबाहर चौक, बिलासपुर 9617611110, 9827900768 (41081)

**आवश्यकता है**-घर में काम करने एवं बच्चे को संभालने के लिए 24 घंटे के लिए लड़की की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-8871893220 (41065)

**आवश्यकता है**-प्रशिक्षण सहायक/ ट्रेनिंग कार्य हेतु योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है स्थान रायपुर बिलासपुर रायगढ़ जांजगीर- चांपा, कोरबा आवश्यक योग्यता- बीएससी (केमिस्ट्री) एमएससी (केमिस्ट्री) कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान अनिवार्य वेतन- बीएससी अभ्यर्थियों हेतु 10000/- प्रतिमाह+ योग्यता अनुसार अतिरिक्त वेतन एवं अन्य भत्ते देय होंगे। एमएससी अभ्यर्थियों हेतु 12000/- प्रतिमाह+ योग्यता अनुसार अतिरिक्त वेतन एवं अन्य भत्ते अतिरिक्त देय होंगे। सम्पर्क करें- 8817358601 रिज्यूम व्हाट्सएप करें, इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र सम्पर्क करें (41069)

**आवश्यकता है**-हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम 6वीं से 12वीं (4 शिक्षिका सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी बीएएस डीएड को प्राथमिकता) आया, कम्प्यूटर टीचर चाहिए पता- विवेकानंद इण्डियन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी बिलासपुर 9300328040, 07752 364025 (41070)

**आवश्यकता है**-थोक दवा दुकान हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। (दवाइयाँ निकालने पैकिंग) दवा दुकान में कार्य का अनुभव आवश्यक सम्पर्क- मेलाराम हेमन्त कुमार शॉप नं-54, मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (41056)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है मेडिकल लाईन के जानकार को प्राथमिकता स्वयं मिलें दोपहर 3बजे से शाम 6बजे के मध्य पता- प्रदीप हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर (41083)

**आवश्यकता है**-चिकन बिरयानी, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल फूड आइटम बनाने के लिए अनुभवी शेफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8349360608, 78691 02531, 7869102530 (41072)

**आवश्यकता है**-शिक्षक/ शिक्षिकाओं की प्रायमरी शिक्षिका 10पद एवं हाईस्कूल/ हायर सेकंडरी शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय- रसायन, बायोलॉजी सम्पर्क करें- सुबह 10:30 से 12बजे गायत्री विद्या मन्दिर लालखदान बिलासपुर 96911 65674 (41068)

**आवश्यकता है**-सेल्स मैनेजर -2पद (छड़, हार्डवेयर सामान अनुभवी को प्राथमिकता) फैक्ट्री सुपरवाइजर-3पद (दिन ड्यूटी/ रात्रि ड्यूटी) एवं कार ड्राइवर 2पद चाहिए सम्पर्क करें- मीनाक्षी स्टील तार फैक्ट्री सिरगिट्टी बिलासपुर 70001 57773 (3185)

**आवश्यकता है**-कार शोरूम में निजी सुरक्षा एजेन्सी के अन्तर्गत कार्य करने हेतु गार्ड (लड़का/ लड़की) न्यूनतम ऊंचाई 5'5" हो अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 11000 से शुरू इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- उमा सिक्यूरिटी सर्विसेज महाराणा प्रताप चौक के पास, बिलासपुर 8770927383. 9425534940 (41062)

**आवश्यकता है**-Shyam Enterprises में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 10बजे से शाम 7बजे तक वेतन- 9000 महीना सम्पर्क करे-9074741377 (41074)

**टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 9827163216, 8462933820

**आवश्यकता है**
**अजय माला प्रकाशन** में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं दु व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह 12,000 रू.
प्रतिदिन रहना-खाना 300 रू.
तथा पेट्रोल अलग से दिया जायेगा
दिनाँक-08 एवं 09 जून, 2026
समय-11 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें
**रायपुर** — अजय प्रकाशन, सुर्या अपार्टमेन्ट के पीछे, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू में, सिविल लाइन, रायपुर 9691358826, 7898551745
**दुर्ग** — होटल पारख पैलेस, ग्रीन चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, दुर्ग 7978852526, 9165915079
**धमतरी** — होटल इम्पेरीयल, गुरूनानक कॉम्पलैक्स, सिहावा चौक, धमतरी 7694064078, 7804934421
**बिलासपुर** — पंचशील लॉज, गाँधी चौक, बिलासपुर 7974590595, 9302606010
**रायगढ़** — होटल कनिष्क, गाँधी प्रतिमा रोड, आलोक सिटी मॉल के पास, स्टेशन रोड, रायगढ़ 9753673173, 7898204950
**कुनकुरी** — कुंती लॉज, टपकरा रोड, खेल मैदान के पास, कुनकुरी 9644868192, 8602912503

**आवश्यकता है**-थोक स्टेशनरी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- राधे श्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (40884)

**आवश्यकता है**-टिफिन सेन्टर में घर जैसा खाना, नाश्ता बनाने हेतु कुक चाहिए। महिला, पुरुष (जो नशामुक्त हो) पता- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर दिल्ली आईएएस अकादमी के पास मंगला बिलासपुर 9755655055 (41075)

**आवश्यकता है**
**अजय माला प्रकाशन** में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं दु व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह 12,000 रू.
प्रतिदिन रहना-खाना 300 रू.
तथा पेट्रोल अलग से दिया जायेगा
दिनाँक-10 एवं 11 जून, 2026
समय-11 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें
**अंबिकापुर** — होटल मात्रिका श्री, बाबू पारा, जेल रोड, अंबिकापुर 9644868192, 8602912503
**राजनांदगाँव** — होटल इन्द्रलोक, रेल्वे स्टेशन रोड, राजनांदगाँव 9753406175, 7647029011
**जगदलपुर** — होटल पंकज पैलेस, मेन रोड, कोतवाली के पास, जगदलपुर 7974251865, 9165600917
**कवर्धा** — होटल सपना, घोठिया रोड, रायपुर नाका के पास, कवर्धा (कबीरधाम) 7987977282, 9713369186
**गरियाबंद** — होटल नीलकमल, पुलिस परैड ग्राउण्ड के सामने, रावणभाठा, गरियाबंद 7804934421, 8827409552
**महासमुन्द** — जोशी लॉज, नेहरू चौक, मेन रोड, महासमुन्द 7692826725, 6265961386

**आवश्यकता है**-पेन्ट शोरूम में कार्य करने हेतु अनुभवी फुल टाइम टैली ऑपरेटर एवं शोरूम में कार्य हेतु लड़के एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9827411940 (3186)

**आवश्यकता है**-अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइविंग लाइसेन्स सहित सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (41059)

**आवश्यकता है**-ट्रेण्ड ऑप्टोमेट्रिस्ट की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार देय होगी। मिलने का समय- शाम 5 बजे से 7 बजे तक सम्पर्क करें- जय अम्बे नेत्रालय रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 8349949990 (41057)

**आवश्यकता है**-ऑटोमैटिक (स्वचलित) गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है (दोपहर 2बजे से रात 12बजे) सैलरी 13000 सम्पर्क- होटल रॉयल रामा, पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 98933 92495 (41064)

**आवश्यकता है**-रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन- 15000 से 18000 प्रतिमाह, PF, ESIC रहने-खाने की व्यवस्था उपलब्ध सम्पर्क करें- 9201958117, 8109080600 (855)

## बेचना

**बेचना है**-फ्लैट बेचना है बिलासपुर नया सरकण्डा जबड़ापारा ऋषभ अपार्टमेंट में फर्स्ट फ्लोर में 2BHK फ्लैट बेचना है दिखाने का समय दोपहर 2बजे से शाम 5बजे तक सम्पर्क करें- 9038169801 (41060)

**बेचना है**-पुराना प्रताप टॉकीज चौक, कम्पनी गार्डन और डॉक्टर कॉलोनी के पास डबरीपारा में 2800 वर्गफुट कमर्शियल प्लॉट एक साथ या दो टुकड़े में बेचना है। डॉक्टर्स हेतु अतिउत्तम। सम्पर्क- 9300416538 (41063)

**बेचना है**-चकरभाठा से लेकर बिल्हा रोड के बीच में ग्राम पंचायत रहंगी (चकरभाठा) मेन रोड से लगा 13 डिसमिल डायवर्टेड जमीन मकान बनाने हेतु उपयुक्त बेचना है सम्पर्क करे- 8889919703, 91319 32797 (41076)

**बेचना है**-कोनी स्थित महामाया रेसीडेंसी कालोनी में 5BHK, 5 टॉयलेट, सर्व सुविधा युक्त 3 मंजिल भवन अतिशीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 7049009079 (41073)

**किराया**-सेन्ट फ्रांसिस स्कूल के पास अयोध्या नगर मे सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान किराए से देना है 2 बेडरूम, हाल, किचन, बरामदा, 2 लेटबाथ पोर्च, 24 घंटे पानी की सुविधा सम्पर्क करें- 9098166942 (41071)

**बेचना है-कोरबा रेलवे स्टेशन के सामने 6BHK का सर्व सुविधा युक्त दो मंजिला मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 8120751750, 79871 63720 (41079)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

**किराया**-बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें-95897 40766, 9425530355 (40953)

**किराया** - (1) प्रथम मंजिल में एक कमरा, एक हाल, किचन, लेटबाथ (2) दो कमरे किचन लेटबाथ किराये से देना है चंदेला नगर कालोनी MIG-A/102 रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर सम्पर्क करें- 7000354988 (41061)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## फायनेंस

**फायनेंस**-विजया फाइनेन्स द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि, महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार, पैन कार्ड, प्रति उपलब्ध 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क- 9981421206, 9437550462 (4345)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ**-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4154)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...

पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

- 11 जून से सजेगा फुटबॉल का सबसे बड़ा रंगमंच, टूटेंगे पुराने रिकॉर्ड
- अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 39 दिनों तक मचेगा फुटबॉल का घमासान
- 16 स्टेडियम में पहली बार ट्रिपल होस्टिंग का अनोखा रोमांच

# फुटबॉल का 'मेगा शो', 3 देश, 48 टीमें और 104 मैच




एजेंसी ▶▶| न्यू जर्सी

अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 11 जून से शुरू होने वाला फुटबॉल विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा, जिसमें पहली बार 48 टीम भाग लेंगी और इसमें 104 मैच खेले जाएंगे।

यह टूर्नामेंट 39 दिन तक चलेगा और इसे 16 स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले विश्व कप में 32 टीम भाग लेती थी और यह पहला अवसर है जबकि इस टूर्नामेंट में 48 टीम शामिल हैं। इससे पहले विश्व कप में टीमों की संख्या 1998 में बढ़ाई गई थी। इसके अलावा यह पहला अवसर है जबकि तीन देश मिलकर विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। इससे पहले 2002 में जापान और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से विश्व कप की मेजबानी की थी।

## अमेरिका में खेला जाएगा फाइनल

विश्व कप अमेरिका के 11, मेक्सिको के 3 और कनाडा के 2 स्थलों पर खेला जाएगा। मेक्सिको 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिनमें 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेजबान टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला उद्घाटन मैच और नॉकआउट दौर के तीन मैच शामिल हैं। कनाडा में भी कुल 13 मैच होंगे, जिनमें से पहला मैच मेजबान टीम और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच 12 जून को टोरंटो में होगा। कनाडा में तीन नॉकआउट मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 78 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। अमेरिका में पहला मैच 12 जून को लॉस एंजिलिस में अमेरिका और पराग्वे के बीच खेला जाएगा। अमेरिका में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे।

## विश्व कप से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े

### रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी होंगे शामिल

48 टीम में रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 71 देशों के 449 घरेलू क्लबों से आए हैं। इनमें 357 खिलाड़ी विश्व कप में पहले खेल चुके हैं, जबकि 891 खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इंग्लैंड के क्लबों में खेलने वाले सर्वाधिक 200 खिलाड़ी विश्व कप में अपना जलवा दिखाएंगे। इसके बाद जर्मनी (109)), फ्रांस (86), स्पेन (86), इटली (71) और सऊदी अरब (49) का स्थान आता है। प्रीमियर लीग की टीम मैनचेस्टर सिटी के सर्वाधिक 19 खिलाड़ी विश्व कप में भाग लेंगे। उसके बाद बायर्न म्यूनिख (18), चैंपियंस लीग के फाइनलिस्ट पेरिस सेंट-जर्मन और आर्सेनल (16) और बार्सिलोना ((15) का नंबर आता है।




### केवल आठ देशों ने जीता विश्व कप

केवल आठ देशों ने विश्व कप जीता है, जिनमें से छह टीमों ने एक से अधिक खिताब जीते हैं। ब्राजील पांच खिताब के साथ सबसे आगे है। केवल दो देशों ने ही लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। पेले के नेतृत्व में ब्राजील ने 1958 और 1962 में खिताब जीता था, जबकि इटली ने 1934 और 1938 में खिताब अपने नाम किया था।

### 23वीं बार ब्राजील लेगा हिस्सा

ब्राज़ील एकमात्र ऐसा देश है जिसने 1930 में उरुग्वे में शुरू हुए विश्व कप से लेकर अब तक सभी विश्व कप में भाग लिया है। ब्राज़ील 76 जीत, 237 गोल और 129-0 के गोल अंतर के साथ सभी देशों में सबसे आगे है। पहले 22 विश्व कप में 964 मैचों में 2,720 गोल किए गए हैं।

### खिलाड़ियों में 25 साल का अंतर

सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के बीच 25 साल से अधिक का अंतर है। स्कॉटलैंड के गोलकीपर क्रेग गॉर्डन टूर्नामेंट के पहले दिन 43 साल और 162 दिन, जबकि मैक्सिको के गिल्बर्ट मोरा 17 साल और 240 दिन के होंगे।

### फ्रांस करेगा लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश

फ्रांस लगातार तीन फाइनल में पहुंचने वाला तीसरा देश बनने की कोशिश करेगा। इससे पहले उसने 2018 में खिताब जीता था लेकिन 2022 में वह हार गया था। पश्चिम जर्मनी 1982 और 1986 में फाइनल हार गया था, जिसके बाद उसने 1990 में अर्जेंटीना को हराया था। ब्राजील ने 1994 और 2002 में जीत हासिल की थी, जबकि 1998 में उसे फ्रांस से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

## रोनाल्डो ने खेले अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच



पुर्तगाल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं। मेस्सी ने अपने करियर में विश्व कप के सबसे अधिक 26 मैच खेले हैं और वह 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने से केवल दो मैच दूर हैं।
**टूट सकता है क्लोज का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड :** जर्मनी के लिए मिरोस्लाव क्लोज़ का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। मेस्सी ने विश्व कप में 13 गोल किए हैं और वह क्लोज़, ब्राज़ील के स्टार रोनाल्डो (15) और गेर्ड मुलर (14) से ही पीछे हैं। फ्रांस के किलियन एमबाप्पे भी इस रिकॉर्ड की दौड़ में हैं, जिन्होंने पिछले दो टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 12 गोल किए हैं।

## खबर संक्षेप

### विश्व कप में हिस्सा लेने मेक्सिको पहुंची ईरानी टीम

**टिजूआना।** फीफा विश्व कप में भाग लेने के लिए ईरान की टीम मेक्सिको पहुंची तो खिलाड़ियों ने अपने जैकेट पर ऐसे 'लेपल पिन' लगाए थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के शुरुआती दौर में एक प्राथमिक स्कूल पर हुए घातक मिसाइल हमले के पीड़ितों की याद दिला रहे थे। खिलाड़ियों को टिजुआना में विमान से उतरते समय '168' अंक लिखे हुए सुनहरे रंग के पिन के साथ देखा गया। यह संख्या उस हमले में मारे गए लोगों की थी, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। यह हमला 28 फरवरी को दक्षिणी ईरान के मिनाब में हुआ था। हंगरी स्थित ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया पर रविवार को इन पिन का जिक्र करते हुए इसे मिनाब की घटना से जोड़ा था। ईरान की टीम ने इससे पहले मार्च में तुर्किए के अंताल्या में एक अभ्यास मैच से पहले भी इस तरह की पिन के साथ हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी थी। ईरान के खिलाड़ियों ने इस अभ्यास मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान गुलाबी और बैगनी रंग का स्कूल बैग भी लिया हुआ था।

# 3 दिन में अफगानिस्तान ने टेके घुटने, भारत की सबसे बड़ी जीत

टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रन से हराया, 8 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिए इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुथार के 6 विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट चटकाए। भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिए राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए।




### अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुथार ने सुबह जब पारी में 5 विकेट पूरे किए तो यह कारनामा देखने के लिए मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे।

### टेस्ट डेब्यू के पहले ओवर में विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | |
|---|---|
| मोंटू बनर्जी बनाम वेस्टइंडीज | (1948) |
| मनोहर हार्डिकर बनाम वेस्टइंडीज | (1958) |
| वमन कुमार बनाम पाकिस्तान | (1961) |
| चेतन शर्मा बनाम पाकिस्तान | (1984) |
| डब्ल्यूवी रमन बनाम वेस्टइंडीज | (1988) |
| नीलेश कुलकर्णी बनाम श्रीलंका | (1997) |
| टिनू योहानन बनाम इंग्लैंड | (2001) |
| मानव सुथार बनाम अफगानिस्तान | (2026) |

### एक पारी में 5 विकेट लेने वाले दसवें गेंदबाज बने सुथार

मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बाएं हाथ के स्पिनर सुथार रहे। पदार्पण में एक पारी के 5 विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुथार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं।

## वनडे के बाद अब टी-20 की बारी, राह नहीं आसान

12 जून से इंग्लैंड में शुरू होगा टी20 विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

8 महीने के अंदर दूसरा आईसीसी खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 12 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में परचम लहराने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर रहना पड़ सकता है, क्योंकि उसके सभी विभागों में कुछ न कुछ कमियां हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा था लेकिन तब भी उसकी टीम को बीच में संघर्ष करना पड़ा था। ऐसे में जेमिमा रोड्रिग्स ने जिम्मेदारी संभाली और भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुछ समय पहले तक ऐसा लग रहा था कि भारत ने सबसे छोटे प्रारुप में लगभग सभी विभाग में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से लगातार दो श्रृंखला हारने से उसकी कमजोरियां उजागर हो गई हैं।



### शेफाली और स्मृति के प्रदर्शन पर संशय

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना का प्रदर्शन हाल ही में अच्छा नहीं रहा है। यही नहीं निचले क्रम के बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम की प्रमुख पावर हिटर ऋचा घोष 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से पहले रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी बल्ले और गेंद दोनों से ही निराशाजनक रहा है।

## भारत ने जीते 3 स्वर्ण सहित 17 पदक



उलानबटोर ओपन : टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल भारत

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

भारत ने उलानबटोर ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार अंत किया जब प्रतियोगिता के अंतिम दिन दीपक (61 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इन तीनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पुरुष फ्रीस्टाइल में सात पदक हासिल करने में सफल रहा। भारत ने फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती में कुल मिलाकर 17 पदक जीते और टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल रहा। दीपक ने कजाखस्तान के आसिल एताकिन को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर 61 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि दिनेश ने 125 किग्रा के फाइनल में कजाखस्तान के येदिगे कासिमबेक को 2-0 से हराया। सागर ने रूस के तामिर एशिनिमाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर 74 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### प्रज्ञानानंदा पर धनवर्षा, टीएन सरकार ने दी 50 लाख की राशि

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को 50 लाख रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रज्ञानानंदा ने ओस्लो में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर खिताब जीता था। मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को सम्मानित करने के बाद इस युवा ग्रैंडमास्टर के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली। प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में जीत को अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मैग्नस कार्लसन सहित दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराना इस खिताब को विशेष रूप से यादगार बनाता है।



### तमीम इकबाल बने बीसीबी के अध्यक्ष

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर चुने गए सबसे युवा उम्मीदवार हैं। वह चार साल के लिए इस पद पर रहेंगे। यह 37 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी इससे पहले अप्रैल से तदर्थ समिति के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहा है। तमीम ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, ' संगठन में बहुत सी कमियां हैं।

### आईजीपीएल क्लासिक : कोचर ने बनाई शीर्ष 10 में जगह

**अल जदीदा।** भारत के करणदीप कोचर ने अंतिम दिन बोगीमुक्त चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे वह आईजीपीएल भारत क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। यह इस सत्र में तीसरा अवसर है जबकि कोचर ने इस सत्र में किसी टूर्नामेंट के शीर्ष 10 में जगह बनाई। चंडीगढ़ के इस गोल्फर ने अब एशियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वां स्थान हासिल कर लिया है। कोचर का कुल स्कोर 11 अंडर रहा, जबकि स्वीडन के चार्ली लिंध ने 18 अंडर के स्कोर के साथ खिताब जीता। भारत के अन्य खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर और यशस चंद्र छह अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 27वें स्थान पर रहे। राशिद खान, कार्तिक सिंह और सचिन बैसोया संयुक्त 41वें स्थान पर रहे।



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/EE-V/Store/W/T-105/26/1529 Marwa, dtd.04.06.26
NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-82/2026
Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/EE-V/Store/W/T-105/26 | 8100051957 | Work contract for unloading/stacking of heavy chemical at S.E.(Store) at 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 01.07.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- +GST @ 18%) | Rs. 6,300/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.
// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //
Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. CE (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com
क्रं./ 1146/न.पा.नि./ लो. नि. शाखा / 2025-26 बीरगांव, दिनांक 03/06/2026
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
e-Procurement Tender Notice (1st Call )
नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा राज्य प्रवर्तित योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 17 एवं 37 में मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण कार्य (कुल 02 कार्य) के लिए System Tender No System Tender 192359 And 192360 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 01.01.2025, Building S.O.R. in force from 01.01.2015, ELECTRICAL S.O.R 01.06.2020, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender No System Tender 192359 And 192360 Bid Start Date 03.06.2026, Bid Due date. 25.06.2026, Physical Submission Last Date 02.07.2026, Open Date 03.07.2026) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव जिला रायपुर (छ.ग.)

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, फोन : 0755-2580271,2580319
ई-मेल: nscengbpl@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com वेबसाइट: www.indiaseeds.com
उत्पादन.5(5)A/रा.बी.नि./आर.ओ.-भो/2026-27 दिनांक- 08.06.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गोविंदपुरा, भोपाल आधारीय/प्रमाणित सोयाबीन (1500 क्विंटल) की प्रदायगी हेतु, जो कि खरीफ-25 के उत्पादन से उत्पादित हों, को क्रय करने हेतु प्रतिष्ठित बीज उत्पादकों/संस्थाना/सहकारी समितियों एवं बीज कंपनियों से स्व-उत्पादित, बीज की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ पर ऑफलाइन (offline) निविदा दिनांक 15.06.2026 को आमंत्रित करता है ।
अधिक जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.indiaseeds.com को देखें। निविदा में भाग लेने हेतु टेंडर फार्म दिनांक 15.06.2026 को मध्यान्ह 12:30 बजे तक जमा किए जा सकते है । संशोधन/परिशिष्ठ यदि कोई हुआ तो एनएससी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
क्षेत्रीय प्रबंधक

**PUBLIC NOTICE**
M/s. Nav Durga Private Limted, has been granted Environmental Clearance w.r.t. 100 KLPD grain-based ethanol plant along with a 3.0 MW co-generation power plant at Village-Barpali, Post-Saraipali, Tehsil Tamnar, District-Raigarh, Chhattisgarh vides the EC Identification No. EC23A008WB161935, File No. IA-J-11011/514/2021-IA-II(I), EC Identification No. EC22A060CG156420, dated 21.03.2022. The copy of Environment Clearance is available on the Website of MoEF&CC at http://parivesh.nic.in. Also available at the registered office of the company at 266, Rabindra Sarani, 2nd Floor, Room No 1, Kolkata, West Bengal-700007 and also on the website of the company.

**छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक**
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं.-47, सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018
सार्वजनिक सूचना- (Public Notice) (KYC अद्यतन हेतु अंतिम सूचना)
सभी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार सभी बैंक खाताधारकों के लिए समय-समय पर KYC अद्यतन करवाना अनिवार्य है। खाताधारकों को KYC अद्यतन करवाने हेतु पूर्व में दिनांक 27.05.2026 को समाचार पत्र में सुचना का प्रकाशन कराया गया था। जिन खाताधारकों ने अब तक अपने बैंक खाते में KYC अद्यतन नहीं कराया है वे दिनांक 15.06.2026 तक हमारी शाखा/ग्राहक सेवा केंद्र में जाकर KYC अद्यतन करवाएं। निर्धारित समयसीमा के भीतर KYC अद्यतन नहीं किये जाने की स्थिति में खातों को निष्क्रिय/डेबिट फ्रीज कर दिया जाएगा। अतः असुविधा से बचने के लिए खाते में KYC करवाएं।
आपके खाते में नामांकन, दावा भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाता है, अतः खाते में नामांकन कराए ।
महाप्रबंधक (परिचालन)

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या: बीआर-एचक्यू-केजीपी-26-27-02, दिनांक: 04.06.2026। कार्य का विवरण : खड़गपुर मंडल - 25टी एक्सल लोड वाली मालगाड़ियों को 100 किमी/घंटा की रफ़्तार से चलाने के लिए निम्नलिखित मौजूदा पुलों को कम्पोजिट गार्डर/बैलास्टेड डेक में बदलना: (क) घाटशिला-धलभूमगढ़ स्टेशनों के बीच पुल संख्या 69 डाउन (स्पैन 4x18.3 मी.) और झाड़ग्राम-गिधनी स्टेशनों के बीच पुल संख्या 94 अप (स्पैन 2x18.3 मी.), (ख) राजघाट-अमरदा रोड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 217 अप (स्पैन 9x18.3 मी.), (ग) बस्ता-नुआगां मयूरभंज रोड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 235 अप (स्पैन 9x18.3मी.), (घ) नुआगां मयूरभंज रोड-बस्ता स्टेशनों के बीच पुल संख्या 235 डाउन (स्पैन 9x18.3 मी.), (ङ) हल्दीपदा-बालासोर स्टेशनों के बीच पुल संख्या 264 अप (स्पैन 9x18.3 मी.), (च) नुआगां मयूरभंज रोड-रूपसा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 238 अप (स्पैन 3x12.2 मी.) और नुआगां मयूरभंज रोड-रूपसा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 239 अप (स्पैन 2x12.2 मी.+2x18.3 मी.), (छ) रूपसा-नुआगां मयूरभंज रोड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 239 डाउन (स्पैन 2x12.2 मी.+2x18.3 मी.) और हल्दीपदा-बालासोर स्टेशनों के बीच पुल संख्या 258 अप (स्पैन 4x12.2 मी.), (ज) अमरदा रोड-राजघाट स्टेशनों के बीच पुल संख्या 217 डाउन (स्पैन 9x18.3 मी.) और बस्ता-नुआगां मयूरभंज रोड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 234 अप (स्पैन 5x12.2 मी.), (झ) बखराबाद-नारायणगढ़ स्टेशनों के बीच पुल संख्या 168 डाउन (स्पैन 4x12.2 मी.+2x18.3 मी.) और बेलदा-बखराबाद स्टेशनों के बीच पुल संख्या 176 डाउन (स्पैन 3x12.2 मी.) (द्वितीय बुलावा)। निविदा मूल्य: ₹ 1,25,56,63,525.18। बयाना राशि: ₹ 2,51,13,300। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। निविदा बंद होने की तारीख, समय: 17.07.2026 को सुबह 11.30 बजे। पूरा करने की अवधि: 24 (चौबीस) महीने। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा और इस निविदा की स्थिति जानने के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं ताकि वे अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकें। इस कार्य के लिए भौतिक/मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
(PR-289)




# यहां महिलाएं नहीं, पुरुष लेते हैं घूंघट, शादी के बाद छोड़ देते हैं अपना घर



दुनिया के सबसे रहस्यमयी और अनोखे समुदायों में से एक है सहारा रेगिस्तान की तुआरेग जनजाति। जहां भारत समेत ज्यादातर मुस्लिम और पारंपरिक समाजों में महिलाएं घूंघट या पर्दा करती हैं, वहीं तुआरेग संस्कृति में यह जिम्मेदारी पुरुषों की है।

**काहिरा।** यहां मर्द ही अपना चेहरा और सिर लंबे नीले कपड़े 'टैगेलमस्ट' से ढंककर रखते हैं, जिसे वे 'घूंघट' की तरह इस्तेमाल करते हैं। जबकि महिलाएं बिना किसी पर्दे के खुले मुंह और चेहरे के साथ समाज में घूमती-फिरती हैं। तुआरेग लोग खुद को 'केल तामाशेक' कहते हैं और इन्हें 'सहारा के नीले पुरुष' के नाम से भी जाना जाता है। नीले कपड़े का रंग उनके चेहरे पर रगड़ से लग जाता है, जिस वजह से वे नीले दिखते हैं। लड़का जब वयस्क होता है तब पहली बार यह टैगेलमस्ट पहनता है और उसके बाद सार्वजनिक जगहों पर लगभग हमेशा चेहरा ढंके रखता है। यहां तक कि खाते समय भी मुंह ढंकना जरूरी माना जाता है।

### क्यों लेते हैं घूंघट?

तुआरेग पुरुषों का यह नीला घूंघट ना सिर्फ सांस्कृतिक प्रतीक है, बल्कि रेगिस्तान की धूल, रेत और तेज धूप से बचाव का भी साधन है। यह उनकी पहचान बन गया है। महिलाएं चमकीले रंगों के कपड़े पहनती हैं और खुलकर संगीत, नृत्य और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेती हैं। आधुनिक समय में तुआरेग समुदाय माली, नाइजर, अल्जीरिया, लीबिया और बुर्किना फासो जैसे देशों में फैला हुआ है। हालांकि, शहरीकरण और आधुनिक शिक्षा के प्रभाव से कई युवा परंपराओं से दूर हो रहे हैं, लेकिन गांवों और रेगिस्तानी इलाकों में यह परंपरा अभी भी मजबूती से जीवित है।



### भारत से उल्टा है कल्चर

इस समुदाय में मर्दों का सास-ससुर या पत्नी के परिवार के सामने मुंह खोलना अशिष्ट माना जाता है। लेकिन, सबसे हैरान करने वाली बात तो उनकी सामाजिक व्यवस्था है। तुआरेग समाज मातृसत्तात्मक है। यहां बच्चा मां की लाइन से संबंधित माना जाता है। नाम, संपत्ति और वंशज महिलाओं के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। शादी के बाद पति पत्नी के तंबू में शिफ्ट हो जाता है। तंबू, पशुधन और जेवरात ज्यादातर पत्नी की संपत्ति होती है। महिला ही शादी में तंबू लाती है। तलाक की स्थिति में पति को ही तंबू छोड़कर जाना पड़ता है। बच्चे मां के पास रहते हैं। महिलाओं को तलाक लेने में कोई शर्म नहीं मानी जाती है। वे अपनी मर्जी से शादी चुन सकती हैं और समाज में स्वतंत्रता के साथ घूम-फिर सकती हैं। हालांकि, यह पूरी तरह महिला शासन नहीं है।

## रोचक खबरें

## उम्र 5 साल, वजन- 100 किलो, खाने के शौक ने मुसीबत में डाली जान

**कंपाला।** युगांडा के एक छोटे से गांव में एक ऐसा बच्चा रहता है जिसकी कहानी सुनकर कोई भी हैरान रह जाता है। मात्र 5 साल की उम्र में इस बच्चे का वजन 100 किलो पहुंच चुका है। वह ना सिर्फ अपने देश बल्कि पूरी दुनिया के सबसे भारी बच्चों में शुमार हो गया है। इस बच्चे की दो साल की छोटी बहन का वजन भी 30 किलो है। दोनों भाई-बहन मोटापे की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और उनका मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामान्य तौर पर 5 साल का बच्चा करीब 18-20 किलो वजन का होता है, लेकिन यह बच्चा उससे पांच गुना ज्यादा वजन वाला है। उसकी बहन भी उम्र के हिसाब से दोगुने से ज्यादा भारी है। परिवार के अनुसार बच्चा जन्म से ही थोड़ा भारी था, लेकिन पिछले कुछ सालों में उसका वजन तेजी से बढ़ा है। खाने का अत्यधिक शौक और संभवतः कुछ हार्मोनल समस्या इसकी मुख्य वजह बनी। परिवार बताता है कि बच्चा दिन भर कुछ ना कुछ खाता रहता है। वह बहुत ज्यादा मात्रा में चावल, मीट, फल और जंक फूड खाता है। उसके माता-पिता ने कई बार डाइट कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन बच्चा भूखा रहने पर इतना रोता-चिल्लाता है कि उन्हें मजबूरन खाना देना पड़ता है। अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बच्चा चलने-फिरने में भी दिक्कत महसूस करता है। डॉक्टर्स चिंता जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने छोटी उम्र में इतना वजन हृदय, लीवर, सांस की नली और जोड़ों पर भारी बोझ डाल रहा है। अगर समय रहते वजन कंट्रोल ना किया गया तो बच्चे की जान खतरे में पड़ सकती है। युगांडा के स्थानीय अस्पतालों में इस मामले की जांच चल रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ खाने की लत नहीं बल्कि थायरॉइड, पिट्यूटरी ग्लैंड या जेनेटिक समस्या भी हो सकती है।



## घर से लेकर खेत तक चूहों का आतंक किसानों के साथ पुलिस भी परेशान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कई इलाकों में इन दिनों चूहों की आबादी इतनी बढ़ गई है कि लोगों के समस्या खड़ी हो गई है। चूहों से किसान, स्थानीय प्रशासन और आम लोग सभी परेशान हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि खेतों से लेकर घरों और जेलों तक में चूहों ने आंतक फैला रखा है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के बड़े खेती वाले इलाकों में चूहों का आतंक किसानों के लिए भारी आर्थिक नुकसान की वजह बन गया है। चूहों की आबादी इतनी अधिक हो गई है कि वो खेतों में फसलों को खा जा रहे हैं। किसान दोबारा बुवाई कर रहे हैं या फिर जहर मिले चारे पर लाखों रुपए खर्च करने पड़े रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किसानों का कहना है कि उन्होंने 25 साल की खेती में इस तरह का गंभीर संकट बेहद कम देखा है। रात में चूहों की आवाजें छत, दीवारों और एयर कंडीशनिंग यूनिट तक में आती हैं। सड़े शव की तरह उनकी बदबू महसूस होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई थी, जो इस संकट का सबसे बड़ा कारण है। अच्छी फसल होती है, तो खेतों में बड़ी मात्रा में अनाज फैल जाता है। यह चूहों के लिए भरपूर भोजन का काम करता है। फिर गर्मियों में होने वाली बारिश ने हरी घास और नई वनस्पति उगा दी। इससे चूहों को भोजन के और ज्यादा सोर्स मिल गए। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार चूहों को अनाज के साथ ही ताजी हरियाली भी मिल गई। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि चूहों को सिर्फ खाना नहीं, बल्कि उसके साथ सलाद भी मिल गया। उनके यह हालात स्वर्ग की तरह है।



हैरतअंगेज

स्तंभेश्वर महादेव मंदिर भारत के सबसे अनोखे धार्मिक स्थलों में

# एक ऐसा शिव मंदिर, जिसे दिन में दो बार निगल लेता है समुद्र

**गांधीनगर।** भारत में एक अनोखा मंदिर है, जहां पहुंचने के लिए समय सबसे ज्यादा मायने रखता है। अगर आप गलत समय पर पहुंचे, तो मंदिर जाने वाली सड़क ही गायब हो जाती है। जी हां, यह हैरान करने वाला नजारा गुजरात के भरूच जिले के किनारे स्थित स्तंभेश्वर महादेव मंदिर का है। यह मंदिर अरब सागर के इतने करीब बना है कि ज्वार आने पर इसकी सड़क और आस-पास का पूरा इलाका पानी में डूब जाता है। जैसे ही पानी उतरता है, सबकुछ एक बार फिर से उभरकर सामने आ जाता है। हर दिन कुछ घंटों के लिए मंदिर सहित आसपास का पूरा इलाका पानी के अंदर लगभग पूरी तरह समा जाता है और फिर वापस आया आ जाता है। यही वजह है कि स्तंभेश्वर महादेव मंदिर भारत के सबसे अनोखे धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। गुजरात टूरिज्म के अनुसार, यह मंदिर कवि कम्बोई गांव के पास समुद्र के अंदर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बना है।




### भगवान शिव और दैत्य तारकासुर से जुड़ा है यह मंदिर

मान्यता है कि यह स्थान भगवान शिव और दैत्य तारकासुर की कथा से जुड़ा है। हालांकि, समुद्र के नमक और पानी से यहां बार-बार टूट-फूट होती है, तब भी सदियों से इसकी मरम्मत और पुनर्निर्माण होता रहा है। इतना ही नहीं, खंभात की खाड़ी में पानी का स्तर बहुत तेजी से बढ़ता है। यहां की फनल के आकार की ज्योग्राफी पानी को इतना बढ़ा देती है कि कुछ ही घंटों में नजारा पूरा बदल जाता है। एक तस्वीर में लोग शांति से मंदिर जाते दिखते हैं, दूसरी में वही जगह पूरी तरह समुद्र होता है।

### समय में हुई चूक, तो हो गई बड़ी गड़बड़

जब समुद्र का पानी उतरता है तो भक्त और पर्यटक इस रास्ते से चलकर मंदिर तक पहुंचते हैं। लेकिन, जैसे-जैसे पानी चढ़ता है, यही रास्ता, मंदिर का चबूतरा और फिर पूरा ढांचा धीरे-धीरे समुद्र में डूबने लगता है। जब पूरी तरह ज्वार आ जाता है, तब सिर्फ पानी ही पानी दिखता है। उस वक्त का नजारा देखकर कोई कह ही नहीं सकता है कि यहां कोई मंदिर भी होगा. स्थानीय लोग पीढ़ियों से यह चमत्कार देखते आ रहे हैं।



### टूरिस्ट अट्रैक्शन बना यह अनोखा मंदिर

सोशल मीडिया पर इसके गायब होने के वीडियोज खूब वायरल होते हैं। गुजरात सरकार भी इसकी अनोखी प्राकृतिक घटना और धार्मिक आस्था के संगम को बढ़ावा दे रही है। लेकिन, सबसे खास बात यह है कि यहां कोई बड़े-बड़े गेट या शहरी अजीबो-गरीब ढांचे नहीं हैं। बस लोग किनारे चुपचाप बैठते हैं, समुद्र को बढ़ते और घटते देखते हैं। यहां पूरी तरह प्रकृति ही मालिक है।

## चीन में बच्चों के लिए एआई की किताबें

**बीजिंग।** एक महिला के लिए कॉफी पीने का साधारण सा पल एक दिलचस्प अनुभव बन गया, जब उसे चीन की लाइब्रेरी में बच्चों की ऐसी किताबें मिलीं, जिनमें क्वांटम फिजिक्स, जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और रॉकेट साइंस जैसे मुश्किल विषय समझाए गए थे। उन्होंने बताया कि वह कॉफी लेने के लिए एक कैफे में रुकी थीं। ऑर्डर का इंतजार करते हुए उनकी नजर बच्चों की किताबों वाली एक रैक पर गई। वह खुद बच्चों के लिए इस तरह की किताबें देखकर हैरान रह गई।



**महिला देखकर रह गई हैरान:** एले ने अपनी वीडियो में कई किताबें दिखाईं, जिनमें क्वांटम एंटेंगलमेंट, जनरेटिव **AI**, इलेक्ट्रोमैगनेटिज्म, रॉकेट साइंस और जनरल रिलेटिविटी जैसे विषय शामिल थे। उन्होंने बताया कि उन्हें क्वांटम एंटैंगलमेंट और जनरल रिलेटिविटी फॉर बेबीज जैसी किताबें मिलीं, जिन्हें देखकर वह काफी हैरान और प्रभावित हुईं। जब एले ने और किताबें देखीं, तो उन्हें साइंस और टैक से जुड़ी कई और किताबें भी मिलीं। उन्होंने बताया कि वहां न्यूटन के नियम, क्वांटम फिजिक्स और मशीन लर्निंग पर भी किताबें थीं। खास बात यह थी कि एक मशीन लर्निंग वाली किताब में डेटा प्रोसेसिंग, डेटा क्लीनिंग और मॉडल ट्रेनिंग जैसी मुश्किल चीजों को बच्चों के लिए बहुत आसान तरीके से समझाया गया था। एले को इतने कठिन विषयों को आसान बनाकर पेश करना बहुत अच्छा लगा। वीडियो शेयर करते हुए एले ने कैप्शन में लिखा कि चीन शायद आने वाली पीढ़ी को टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट बनाने की तैयारी कर रहा है।

# कोरोना-इबोला का खेल खत्म! आ गई एआई से बनी पहली वैक्सीन

**लंदन।** मौजूदा समय पूरी दुनिया में जिस तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बहुत तेजी से दुनिया के हर क्षेत्र में अपना विस्तार किया है। मेडिकल क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांति का बिगुल फूंकते हुए अब एआई ने दुनिया की पहली वैक्सीन भी विकसित कर दी है। ये कोई साधारण वैक्सीन नहीं है। ये एक यूनिवर्सल वैक्सीन है जिसका उपयोग हम कोरोना संक्रमण को रोकने से लेकर कई बीमारियों के लिए करेंगे।




### अभी शुरुआती चरण में है ये रिसर्च

इस वैक्सीन का परीक्षण इंसानों पर भी किया गया है। ये कोरोना वायरस के सभी वैरिएंट से सुरक्षा के लिए तैयार किया गया था। इसके साथ ही यह वैक्सीन उन वायरस पर भी असरदार है, जिनसे भविष्य में महामारी की आशंका हो सकती है। ये रिसर्च अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन टीम अलग-अलग वैक्सीन विकसित करने में जुटी है। इन वैक्सीन से फ्लू और इबोला के संक्रमण को रोका जा सकता है।

### अपडेट वायरस से भी ये वैक्सीन सुरक्षा देगी

कुछ वायरस जो आए दिन अपने नए प्रतिरूपों के साथ हमला करते हैं ये वैक्सीन उसके मद्देनजर भी तैयार की जा रही है। जैसे कोविड का वायरस लगातार अलग-अलग वैरिएंट्स में हमलावर हुआ था तो अब एआई से विकसित की जा रही इस वैक्सीन में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि वो कैसे अपना काम करेगी. यही वजह है कि कोविड और फ्लू के टीकों को नियमित रूप से अपडेट करना आवश्यक हो गया है। सामान्यतः वैक्सीन किसी वायरस के मौजूदा स्ट्रेन का उपयोग करके तैयार की जाती है।

### अब तक 39 लोगों पर हुआ परीक्षण

अब तक इस वैक्सीन का 39 इंसानों पर परीक्षण किया जा चुका है। जर्नल आफ इंफेक्शन में छपे एक विस्तार पूर्वक लेख में कहा गया है कि इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली) पर इसका प्रभाव 'मामूली' था। उसके बावजूद यह उत्साहजनक है। आने वाले समय में इस वैक्सीन को लगभग 200 इंसानों पर रिसर्च किया जाएगा जिसके बाद इस रिसर्च से ये ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा कि यह इम्यून सिस्टम को कितना प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर रहा है?

**इस वैक्सीन की परिकल्पना किसने और क्यों की :** इस वैक्सीन की परिकल्पना कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जोनाथन हीनी ने इस वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि ये वैक्सीन एआई ने डिजाइन की है। इसके किसी एंटीजन का परीक्षण पहली बार इंसानों पर किया जा रहा है। हीनी ने बताया कि वो ऐसे टीके बनाने का प्रयास कर रहे हैं।




छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# बीकानेर के तालाब से निकलीं मिस्र की रहस्यमयी मूर्तियां

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर जिले से एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक गांव में तालाब की सफाई के दौरान मिट्टी के नीचे दबी हुई कुछ ऐसी प्राचीन मूर्तियां मिली हैं, जिसने पुरातत्वविदों से लेकर आम जनता तक सबको चौंका दिया है। बीकानेर के तोलियासर गांव में हर साल की तरह इस बार भी आगामी मानसून और बरसात के मौसम से पहले तालाब की सफाई और गाद हटाने का अभियान चलाया जा रहा था। इस नियमित सफाई अभियान के दौरान ग्रामीणों के हाथ कुछ ऐसी रहस्यमयी वस्तुएं लगीं, जिसने पूरे क्षेत्र में कौतूहल, उत्सुकता और गहरी चर्चा का माहौल बना दिया है।



### स्फिंक्स और बिल्ली के मुख वाली देवी बेस्टेट का रहस्य

इंटरनेट से जुटाई गई शुरुआती जानकारियों के मुताबिक, तालाब से मिली दो प्रतिमाओं में से एक मूर्ति प्रसिद्ध 'स्फिंक्स' जैसी दिखाई देती है। प्राचीन मिस्र की पौराणिक कथाओं में स्फिंक्स को सूर्य देवता का एक शक्तिशाली प्रतीक माना जाता था, जो राजाओं की दैवीय शक्ति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता था। मिस्र का विश्व प्रसिद्ध 'द स्फिंक्स ऑफ गीजा' करीब 4500 वर्ष पुराना है और आज भी पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा रहस्य बना हुआ है। वहीं, तालाब से मिली दूसरी मूर्ति को मिस्र की प्राचीन देवी 'बेस्टेट' का स्वरूप माना जा रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com